दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा वार 00 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 480

संक्षिप्त खबरें ।

दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ने के लिए अभियान, 175 संदिग्ध पहचाने गए

लोक तंत्र की आवाज़

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों खिलाफ अपने सत्यापन अभियान दिल्ली पुलिस ने ऐसे 175 संदिग्ध लोगों की पहचान की है। अधिकारियों ने रविवार को इस बात की जानकारी दी है। पुलिस ने शनिवार को शाम 6 बजे से बाहरी दिल्ली क्षेत्र में 12 घंटे का सत्यापन अभियान चलाया था।

दिल्ली पुलिस ने क्या बताया ? : इस अभियान को लेकर दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा– ₹पुलिस ने वैध दस्तावेजों के बिना रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। बाहरी दिल्ली में व्यापक सत्यापन अभियान के दौरान 175 व्यक्तियों की पहचान संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के रूप में की गई है।

एलजी के आदेश पर कार्रवाई: दिल्ली पुलिस ने बीते 11 दिसंबर की तारीख से राजधानी में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पहचानने के लिए अभियान की शुरुआत की थी। इससे एक दिन पहले 10 दिसंबर को एलजी वीके सक्सेना के सचिवालय ने अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई का आदेश जारी किया था। इसके बाद से ही पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ने का अभियान शुरू किया है।

इस तरीके से चल रहे अभियान: दिल्ली पुलिस के मुताबिक, बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या से चिंता बढ़ती जा रही है। बाहरी जिला पुलिस ने अपने अधिकार में आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय थानों, जिला विदेशी प्रकोष्ठों और विशेष इकाइयों के कर्मियों समेत विशेष टीम को घर–घर जाकर जांच करने और संदिग्ध अवैध प्रवासियों के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा करने का निर्देश दिया गया है।

पीएम मोदी को कुवैत में मिला गार्ड ऑफ ऑनर, भारत-कुवैत बन सकते हैं रणनीतिक साझेदार

लोक तंत्र की आवाज़

कुवैत सिटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत दौरे के आखिरी दिन रविवार को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान कुवैत के अमीर शेख मेशाल–अल अहमद अल–जबर अल सपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया। बता दें कि पीएम मोदी खाड़ी देश की अपनी दो दिवसीय यात्रा पर हैं, जो 43 वर्षों में किसी भी भारतीय प्रधान मंत्री की पहली यात्रा है। आज उनके दौरे का आखिरी दिन है। वह कुवैती अमीर शेख मेशाल अल–अहमद अल–जबर अल–सबा के निमंत्रण पर कुवैत का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी होने की भी बात कही।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दौरे के दौरान कहा कि भारत और कुवैत के बीच गहरे और ऐतिहासिक संबंध हैं। दोनों देश पूरे तेल और गैस के क्षेत्र में अवसरों की खोज करके अपने पारंपरिक क्रेता–विक्रेता संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी में बदलने के लिए तैयार हैं। मोदी शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे, जो चार दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। कुवैत समाचार एजेंसी (केयूएनए) को दिए एक साक्षात्कार में मोदी ने उन प्रयासों में मदद करने की इच्छा व्यक्त की जिससे गाजा और यूक्रेन में शीघ्र शांति की बहाली हो सके। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि युद्ध के मैदान में ऐसे संघर्षों का समाधान नहीं खोजा जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने फिलस्तीन के लिए एक संप्रभु, स्वतंत्र और सक्षम राज्य की स्थापना के वास्ते बातचीत द्वारा दो–देश समाधान के प्रति भारत के समर्थन को भी दोहराया।

पीए मोदी ने खाड़ी देशों के सहयोग को बताया महत्वपूर्ण

मोदी ने कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जीसीसी कुवैत सहित छह मध्य पूर्वी देशों का संगठन है। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों पर आधारित हैं। जीसीसी क्षेत्र भारत के कुल व्यापार का लगभग छठा हिस्सा है तथा यहां लगभग एक तिहाई भारतीय प्रवासी रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र (जीसीसी) में रहने वाले लगभग 90 लाख भारतीय इसकी आर्थिक वृद्धि में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु का काम करता है। उन्होंने कहा कि व्यापार और वाणिज्य उनके द्विपक्षीय संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ रहे हैं। साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि 'मेड इन इंडिया' उत्पाद कुवैत में अपनी जगह बना रहे हैं।

भारत–कुवैत में सहयोग की अपार संभावनाएं: कुवैत भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता और चौथा सबसे बड़ा एलपीजी आपूर्तिकर्ता है। मोदी ने कहा कि आगे सहयोग की अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि भारत तीसरा सबसे बड़ा वैश्विक ऊर्जा, तेल और एलपीजी उपभोक्ता बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि कुवैत के पास वैश्विक तेल भंडार का लगभग 6.5 प्रतिशत हिस्सा है। मोदी ने कहा कि 'पेट्रोकेमिकल' क्षेत्र सहयोग के लिए एक और आशाजनक अवसर प्रदान करता है, क्योंकि भारत का तेजी से बढ़ता 'पेट्रोकेमिकल' उद्योग 2025 तक 300 अरब अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा साझेदारी केवल आर्थिक संबंधों का एक स्तंभ नहीं है, बल्कि यह विविध और टिकाऊ विकास के लिए एक प्रेरक शक्ति भी है, जो साझा समृद्धि के भविष्य की ओर मार्ग प्रशस्त करती है।

अमेरिका ने दिखाए तेवर तो घबराया पाकिस्तान, भारत का नाम लेकर मिसाइल कार्यक्रम पर दे रहा सफाई?

लोकतंत्र की आवाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान का जिक्र हो और कोई विवाद ना हो ऐसा हो नहीं सकता। नया विवाद पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को लेकर हुआ है। हाल ही में पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम की अमेरिका ने आलोचना की थी। अब अमेरिका के बयान पर पाकिस्तान का जवाब आया है। पाक ने अमेरिका के दावों पर एतराज जताते हुए उसे खारिज कर दिया और इसे तर्कहीन बताया। दरअसल, अमेरिका ने कहा था कि पाक ने ऐसी मिसाइल बनाई है, जिसकी जद में अमेरिका भी हो सकता है।

क्या बोला पाकिस्तान : अमेरिका के आरोपों के बाद पाकिस्तान ने कहा कि ये सब अनर्गल आरोप है। पड़ोसी मुल्क ने कहा कि एक बड़े गैर नाटो देश के विरुद्ध ऐसे आरोप दोनों के रिश्ते खराब कर सकते हैं।

भारत से खतरे का किया जिक्र : पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार पाक के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि उनका देश मिसाइल क्षमताओं का विकास जारी रखेगा। इसके साथ ही पाक के दिल में भारत का डर भी दिखा। बलूच ने इस दौरान कहा कि ये मिसाइल कार्यक्रम भारत से उत्पन्न खतरों के मद्देनजर काफी आवश्यक है। मुमताज जहरा बलूच ने आगे कहा कि अमेरिकी अधिकारी द्वारा पाकिस्तान की मिसाइल क्षमताओं और डिलीवरी साधनों से कथित खतरे की आशंका दुर्भाग्यपूर्ण है। ये आरोप निराधार हैं, तर्कहीन हैं और इनमें इतिहास की समझ नहीं है।

क्या बोला था अमेरिका?

अमेरिकी उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने हाल ही में कहा था कि पाकिस्तान अमेरिका सहित दक्षिण एशिया से दूर हमला करने में सक्षम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा था कि इस मिसाइल की रेंज अमेरिका तक हो सकती है।

राहुल गांधी के लिए हम जान दे देंगे, पूर्व मंत्री के बयान पर गृहमंत्री का पलटवार

लोक तंत्र की आवाज़

रायपुर । छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सीनियर नेता और पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने राहुल गांधी के समर्थन में बड़ा बयान दिया है। शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए अमरजीत ने कहा कि अगर राहुल गांधी पर आंच आएगी, तो हम उनके लिए जान दे देंगे। क्योंकि वे संविधान के लिए लड़ रहे हैं। दरअसल, संसद में हुए धक्का–मुक्की मामले में राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। राहुल गांधी के समर्थन में अमरजीत के दिए गए बयान पर राज्य के डेप्युटी सीएम विजय शर्मा ने पलटवार किया है।

अमरजीत भगत ने कहा– राहुल गांधी इस देश के लोकप्रिय नेता हैं और संविधान इस देश की आत्मा है। केंद्र सरकार राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। बीजेपी ने संविधान निर्माता की अवहेलना की है। बाबा साहेब के सम्मान के लिए राहुल गांधी लड़ रहे हैं। अगर राहुल गांधी को आंच भी आई तो हम उनके लिए जान दे देंगे। अमरजीत भगत ने कहा– राहुल गांधी इस देश के लोकप्रिय नेता हैं और संविधान इस देश की आत्मा है। केंद्र सरकार राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। बीजेपी ने संविधान निर्माता की अवहेलना की है। बाबा साहेब के सम्मान के लिए राहुल गांधी लड़ रहे हैं। अगर राहुल गांधी को आंच भी आई तो हम उनके लिए जान दे देंगे।

कमेटी बनाने का फैसला सही है: अमरजीत सिंह भगत ने कांग्रेस में वापसी के लिए बनाई गई कमेटी के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस फैसले में किसी एक व्यक्ति की राय नहीं होगी बल्कि कमेटी का फैसला होगा। उन्होंने कांग्रेस के इस कदम को सही ठहराया है।

विजय शर्मा ने किया पलटवार : अमरजीत भगत के बयान पर डेप्युटी सीएम विजय शर्मा ने कहा– अमित शाह इस देश की एकता और अखंडता के लिए जान देने की बात करते हैं। वह एक परिवार के प्रति भक्ति दिखा रहे हैं। दूसरा देश के प्रति भक्ति दिखा रहा है। दोनों में बहुत फर्क है।

सुप्रीम कोर्ट कह चुका कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनने का अब कोई अधिकार नहीं है : कांग्रेस

लोक तंत्र की आवाज़

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल अब दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर काम नहीं कर सकते। संदीप दीक्षित ने यह बयान देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि भले ही केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं, लेकिन वे न तो मुख्यमंत्री कार्यालय जा सकते हैं, न ही किसी अधिकारी से मिल सकते हैं और न ही किसी फाइल पर दस्तखत कर सकते हैं।

दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित ने जोर देकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट की शर्तें इस बात को स्पष्ट करती हैं कि अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनने का कोई अधिकार नहीं है। उनके अनुसार, केजरीवाल की जमानत की शर्तें ऐसी हैं कि अगर वे मुख्यमंत्री पद पर रहकर किसी भी आधिकारिक काम में हस्तक्षेप करते हैं या किसी फाइल पर साइन करते हैं, तो उनकी जमानत रद्द हो जाएगी और उन्हें दोबारा जेल जाना पड़ेगा। ऐसे में मुख्यमंत्री के रूप में उनका काम करना संभव ही नहीं है।

यह सवाल उठता है कि राजनीति में आने से पहले अरविंद केजरीवाल खुद कहते थे कि अगर किसी नेता पर कोई आरोप लगे, तो उसे तुरंत पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और अदालत से क्लीन चिट मिलने के बाद ही वापसी करनी चाहिए। लेकिन आज, जब वे खुद पर लगे आरोपों के चलते सुप्रीम कोर्ट की सख्त शर्तों के तहत बाहर आए हैं, तब भी वे राजनीति से दूर होने और खुद को निर्दोष साबित करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

केजरीवाल का पूरा ध्यान इस बार के दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने पर है, ताकि किसी भी तरह वे सत्ता में बने रहें और उनकी राजनीति चलती रहे। लेकिन केजरीवाल जो वादे करके राजनीति में आए थे, उन्हें वे पूरी तरह भूल चुके हैं। वे अब भी जमानत पर बाहर हैं।और उन्हें अदालत से कोई क्लीन चिट नहीं मिली है। ऐसे में यह सवाल उठना लाज़मी है कि अगर अरविंद केजरीवाल खुद को एक सच्चा नेता मानते हैं, तो क्या उन्हें पहले अदालत में शराब घोटाले में निर्दोष साबित नहीं होना चाहिए?

उत्तराखंड की डेमोग्राफी बदल रहे हैं मस्जिद और मदरसे?

लोक तंत्र की आवाज़

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड हाल के दिनों में मदरसों और मज़ारों को लेकर चर्चा में है. राज्य में मौजूद मदरसों की जांच के आदेश ने एक बार फिर मुद्दा गरमा दिया है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के मदरसों के जांच के आदेश दिए हैं. पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था नीलेश आनन्द भरणे ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में राज्य में संचालित सभी मदरसों की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी. इस जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना. साथ ही, यह सुनिश्चित करना है कि सभी मदरसे कानूनी ढांचे के भीतर कार्य कर रहे हैं या नहीं।

पुलिस महानिरीक्षक कानून–व्यवस्था नीलेश आनंद भरणे ने कहा कि राज्य के अवैध मदरसों की गहनता से जांच की जाएगी. इनमें बाहरी राज्यों के छात्रों के शामिल होने और अवैध गतिविधियों की आशंका पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. वहीं राज्य बाल अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने इसे उत्तराखंड की डेमोग्राफी को बदलने की साजिश बताया और कहा कि अवैध मदरसों में न केवल बच्चों का शोषण हो रहा है, बल्कि उनकी आड़ में संपत्तियां कब्जाई जा रही हैं. हालांकि, वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि डेमोग्राफी चेंज जैसी बातें निराधार हैं।

बड़े शहरों की बदली डेमोग्राफी : 2011 की जनगणना के मुताबिक, उत्तराखंड में मुस्लिम आबादी लगभग 14% थी, लेकिन अब देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर और नैनीताल जैसे जिलों में यह 30% से ज्यादा हो गई है. इसे राज्य की सांस्कृतिक और धार्मिक संरचना के लिए चुनौती माना जा रहा है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में अवैध रूप से चल रहे मदरसों की जांच के लिए गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. इसके तहत जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जाएगी, जो विभिन्न विभागों के समन्वय से एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी।

हरिद्वार में 322 मस्जिदों से उठे सवाल

क्या है मामला?

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के मुताबिक, 2003 में इसके पास करीब 2100 संपत्तियां थी, जो अब बढ़कर 5000 से अधिक हो गई हैं. इनमें सबसे ज्यादा 1891 संपत्तियां हरिद्वार में हैं. हरिद्वार, जिसे तीर्थनगरी माना जाता है, वहां 322 मस्जिदें, 58 दरगाह, 25 मदरसे और 386 कब्रिस्तान हैं. देहरादून में 1680, उधमसिंहनगर में 885, और नैनीताल में 407 वक्फ संपत्तियां हैं. पूरे राज्य में 800 से ज्यादा मदरसे संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनमें से केवल 416 ही पंजीकृत हैं. अपंजीकृत मदरसों में अवैध गतिविधियों और बच्चों के शोषण के आरोप लगाए जा रहे हैं. इसके अलावा, उत्तराखंड में डेमोग्राफी चेंज का मुद्दा चर्चा का विषय बना रहता है।

ताइवान की मदद पर चीन ने बाइडेन को दी चेतावनी, कहा-आग से खेल रहा अमेरिका

लोक तंत्र की आवाज़

बीजिंग। ताइवान को चीने के खिलाफ अमेरिका की ओर से लगातार सैन्य मदद पहुंचाए जाने की घटना को बीजिंग ले बेहद गंभीरता से लिया है। चीन ने इस बाबत अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को बड़ी चेतावनी दे डाली है। चीन ने साफ कहा है कि ताइवान को सैन्य मदद करके अमेरिका आग से खेल रहा है। चीन का यह कड़ा संदेश अपने आप में बहुत कुछ कहता है। चीन के इस बयान के बाद अमेरिका के साथ एक बार फिर तनातनी बढ़ने लगी है।

बता दें कि चीन सरकार ने अमेरिका की ओर से ताइवान को सैन्य बिक्री और सहयोग देने की नयी घोषणाएं किए जाने के बाद रविवार को विरोध जताया और अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह ''आग से खेल रहा है।'' अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को रक्षा से जुड़े साजो सामान और सेवाओं तथा ताइवान के लिए सैन्य शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए 57 करोड़ 10 लाख डॉलर तक के प्रावधान को मंजूरी दी। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सैन्य बिक्री के लिए 29 करोड़ 50 लाख अमरेकी डॉलर की मंजूरी दी गई है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक बयान में अमेरिका से ताइवान को हथियार देना बंद करने और ''ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता को कमजोर करने वाले खतरनाक कदम'' को रोकने का आग्रह किया गया। ताइवान एक लोकतांत्रिक द्वीप है जिस पर चीन सरकार अपना दावा करती है। अमेरिकी सैन्य बिक्री और सहायता का उद्देश्य ताइवान को खुद की रक्षा करने और चीन को हमला करने से रोकना है।

पोलिंग बूथों के सीसीटीवी फुटेज नहीं कराए जाएंगे उपलब्ध, ईसी के बदले नियम पर भड़की कांग्रेस

लोक तंत्र की आवाज़

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने चुनाव संबंधी नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। इसके तहत अब पोलिंग बूथों के सीसीटीवी फुटेज उम्मीदवारों और आम जनता को उपलब्ध नहीं कराए जा सकते। इस सुधार से पहले, कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स के सेक्शन 93(2) के तहत चुनाव से संबंधित सभी कागजात आम जनता के निरीक्षण के लिए उपलब्ध थे इसके लिए कोर्ट के परमिशन की जरूरत थी। चुनाव आयोग द्वारा इन नियमों में बदलाव के बाद कांग्रेस मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर भड़की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार चुनाव आयोग की संस्थागत अखंडता को नष्ट करना चाहती है।

चुनाव नियम में बदलाव चुनाव आयोग की ईमानदारी को खत्म करने सोची समझी साजिश है। चुनाव आयोग को जानबूझकर खत्म करके मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान पर हमला कर रही है। एक्स पर पोस्ट कर कहा कि चुनाव नियमों में संशोधन भारत के चुनाव आयोग की संस्थागत अखंडता को नष्ट करने की मोदी सरकार की व्यवस्थित साजिश है। इससे पहले सरकार ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाले पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को चयन पैनल से हटा दिया था। अब सरकार उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी चुनावी जानकारी को छिपाने का सहारा ले रहे हैं।

खड़गे ने कहा कि जब–जब कांग्रेस ने चुनाव आयोग को मतदाताओं के नाम काटने और ईवीएम में पारदर्शिता की कमी जैसी अनियमितताओं के बारे में लिखा, तब–तब आयोग ने अपमानजनक लहजे में जवाब दिया। इसके अलावा कुछ गंभीर शिकायतों को भी स्वीकार नहीं किया। यह साबित करता है कि चुनाव आयोग भले ही एक अर्ध–न्यायिक निकाय है, लेकिन स्वतंत्र रूप से व्यवहार नहीं कर रहा है। मोदी सरकार का चुनाव आयोग की अखंडता को कम करने का नपा–तुला प्रयास संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला है और हम उनकी रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे।

एक राष्ट्र एक चुनाव' पर क्या बोले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह? बीजेपी सांसद प्रताप चंद्र सारंगी पर भी साधा निशाना

लोक तंत्र की आवाज़

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्हें संसद में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक पारित हो पाने को लेकर संशय है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने संसद परिसर में गुरुवार को भाजपा सांसदों के साथ 'धक्का–मुक्की' किए जाने के संबंध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर लगाए गए आरोपों को भी खारिज किया।

(जेपीसी) को भेगा गया विधेयक : 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' संबंधी दो विधेयक एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था प्रदान करते हैं। इन्हें मंगलवार को लोकसभा में तीखी बहस के बाद पेश किया गया। इनमें से एक विधेयक के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता है। लोकसभा ने शुक्रवार को एक साथ चुनाव संबंधी दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति (जे पीसी) को भेज दिया।

मुझे नहीं लगता पारित हो पाएगा– दिग्विजय : दिग्वजिय सिंह ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक पर कहा, 'जेपीसी गठित की गई है और मुझे नहीं लगता कि यह पारित हो पाएगा।' दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में हुई 'धक्का–मुक्की' के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत में उन पर धक्का–मुक्की के दौरान 'हमला करने और उकसाने' का आरोप लगाया गया है। इस 'धक्का–मुक्की' में भाजपा के दो सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे।

राहुल गांधी पर लगे आरोप पूरी तरह झूठे: कांग्रेस ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को धक्का दिया और गांधी के साथ धक्का–मुक्की की। भाजपा सांसदों के साथ धक्का–मुक्की करने को लेकर गांधी पर लगाए गए आरोपों के बारे में पूछे जाने पर दिग्वजिय सिंह ने कहा कि ये आरोप पूरी तरह से झूठे हैं।

संक्षिप्त खबरें ।

सिरदला: पुलिस ने मारपीट के एक आरोपी समेत तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला नवादा
परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के चूल्हारी गांव में छापेमारी कर मारपीट करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान चुल्हारी गांव निवासी मदन यादव के पुत्र विपिन यादव बताया गया है। जिसके विरुद्ध परना डाबर थाना कांड संख्या 151/ 24 प्राथमिकी दर्ज है। तथा क्षेत्र के लवणी गांव में छापेमारी कर तीन एनबीडब्लू वारंटी को गिरफ्तार किया है। तीनों वारंटी की पहचान लवली गांव निवासी रामेश्वर प्रसाद के पुत्र राजदेव प्रसाद एवं सतीश प्रसाद तथा बुधन तुरिया के पुत्र बद्री तुरिया बताया गया है। उक्त चारों आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

गया : पद्मभूषण डॉ. सी.पी. ठाकुर ने मनाया अपना जन्मदिन

गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण डॉ. सी.पी. ठाकुर ने अपना जन्मदिन मनाया है। उन्होंने प्रातः पटना स्थित अपने आवास पर धर्मपत्नी उमा ठाकुर, पुत्र दीपक ठाकुर एवं पुत्री शबनम ठाकुर व नूपुर कुमार के साथ सत्यनारायण भगवान का पूजन कर आशीर्वाद लिया है। पूजन करा रहे पंडित बुद्धन ओझा ने संपूर्ण पाठ के माध्यम से उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की है। अपने जन्मदिवस पर डॉ ठाकुर ने ईश्वर से देश की उन्नति कि कामना की है।।इस अवसर पर डॉ ठाकुर ने पटना आवास पर अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ केक भी काटा है। समाज के सभी वर्ग के गया के पूर्व जिलाध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार,हरी मांझी, कमलेश सिंह,धीरज,आदी लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कौआकोल में जदयू कार्यालय का किया गया उद्घाटन

कौआकोल(नवादा)। प्रखण्ड के बिझो गांव स्थित एक भवन में रविवार को जनता दल यूनाइटेड कार्यालय का उद्घाटन किया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष मुकेश विधार्थी एवं प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि कौआकोल प्रखण्ड में जदयू का संगठन शुरू से ही काफी धारदार रहा है,जो कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत ही से इसे और धारदार व मजबूत बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को किसी भी हालत में ठेस नहीं पहुंचने दिया जायेगा। प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने कहा कि नये कार्यालय खुल जाने से कार्यकर्ताओं को काफी सहूलियत होगी। मौके पर 20सूत्री सदस्य मनोहर पासवान, जयशंकर चंद्रवंशी,शेष कुमार शशि,सतीश कुशवाहा समेत दर्जनों जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे।

वारिसलीगंज : शहीद चंदन की पहली पुण्यतिथि पर कई कार्यक्रम आयोजित

लोक तंत्र की आवाज

स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल शहीद को किया नमन

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के नारोमुरार गांव निवासी शहीद चंदन सिंह की शनिवार को प्रथम शहादत दिवस मनाई गयी। शहादत दिवस के मौके पर दौड़ प्रतियोगिता सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर शहिद को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।इस दौरान जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार,वारिसलीगंज विधायक अरुणा देवी,जिला पार्षद अंजनी सिंह,नवादा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह आदि उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि प्रखंड अन्तर्गत कुटरी पंचायत के नारोमुरार गांव निवासी मौलेश्वर सिंह का पुत्र चंदन सिंह की शहादत 21 दिसंबर 2023 को जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में आतंकी हमले में हो गयी थी।पार्थिव शरीर वारिसलीगंज पहुंचने के बाद लाखों लोगों की भीड़ श्रद्धांजलि देने के लिए सड़कों पर देर रात तक खड़ी थी। पार्थिव शरीर पहुंचने के बाद गांव स्थित श्मशान घाट पर शहीद का अंत्येष्टि किया गया था।इसी स्थान पर ग्रामीणों के सहयोग से वीर शहीद समाधि स्थल बनाया गया है,जिसका शनिवार को जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार के हाथों उद्घाटन किया गया।मौके पर नारोमुरार पैक्स अध्यक्ष कुंदन कुमार,राधे श्याम सिंह तथा सुनील सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

विभिन्न जिलों के 800 धावकों ने लिया दौड़ प्रतियोगिता में भागः ग्रामीण सह मुखिया अभिनव आनंद,पीयूष प्रेम सिंह तथा नंदन कुमार आदि युवाओं के सहयोग से शहीद की याद में शहीद चंदन सिंह दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी, जिसमें नवादा, नालंदा, शेखपुरा, जमुई, लखीसराय, पटना, मोकामा, गया, जहानाबाद तथा औरंगाबाद आदि जिले के लगभग 500 से अधिक धावकों ने भाग लिया।कुटरी गांव स्थित खेल मैदान,जिसमें शहीद चंदन सिंह ने दौड़ का अभ्यास कर इंडियन आर्मी की नौकरी पाई थी। उसी मैदान में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी,जिसमें 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में धावक की संख्या अधिक होने के कारण प्रतियोगिता को 8 चरणों में विभक्त किया गया। सभी चरणों के 10-10 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया,जिन्हें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार के हाथों शील्ड और शहीद चंदन सिंह की आकृति बनी शर्ट पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गयी।

शहीद चंदन सिंह चौक पर विधायक, जिला पार्षद समेत स्कूली बच्चों ने दी श्रद्धांजलिः वारिसलीगंज स्थित चंदन सिंह चौक पर शहीद की प्रतिमा लगायी जानी है, जिसकी सारी निर्माण प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। प्रतिमा बनाने का कार्य पूरा नहीं होने के कारण कारण शनिवार को प्रतिमा स्थापित नहीं की जा सकी,जिसकी तिथि आगे निर्धारित की जायेगी। शहादत दिवस के मौके पर वारिसलीगंज विधायक अरुणा देवी,जिला परिषद अंजनी सिंह, मुखिया राजकुमार सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जबकि बाजार स्थित कुछ विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वारिसलीगंज बाजार की सड़कों पर शहीद चंदन अमर रहे का नारा लगाते हुए बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गयी। जो शहीद चंदन सिंह चौक पर शहीद को श्रद्धांजलि के साथ संपन्न हो गया।

शिक्षा जागरूकता अभियान हमारे लिए अखण्ड तपस्या की तरह है : अवधेश कुमार

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
नवादा । पूस का प्रभात और बुद्धिजीवी विचार मंच की प्रभातफेरी का अंतहीन सिलसिला रविवार को उसी निष्ठा और समर्पण के साथ जारी रहा जो बीसियों वर्ष पहले शुरू हुआ था । बुद्धिजीवियों का ऊर्जावान जमात आज भी रजाई छोड़कर शिक्षा का अलख जगाने में जुटे रहे । सदर प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर लोहड़ा ग्राम में शिक्षा जागरूकता अभियान की तख्तियाँ लहराने लगी, तो ग्रामीण जनता अपने अपने घरों से निकलकर उत्सुकता के साथ अभियान का हिस्सा बन गए । बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ , शिक्षा है अनमोल रतन पाने की सब करो जतन जैसे आकर्षक नारों से ग्राम की गलियां गूंज उठी । डॉ. सुनीति कुमार के निर्देशन में जारी यह अभियान बगैर किसी बाहरी वित्तीय सहयोग के सदस्यों की अपनी व्यक्तिगत भागीदारी से जिले के विभिन्न ग्रामीण और पिछड़े इलाके में लगातार जारी है । मंच के संयोजक अवधेश कुमार फरमाते हैं कि शिक्षा जागरूकता अभियान हमारे लिए अखण्ड तपस्या की तरह है जो जीवन के अंतिम क्षण तक जारी रहेगा । लोक गायक चंदेश्वर प्रसाद और राजू रंजन कुमार का अभियान गीत से मूढ़ता और अशिक्षा का अंधकार स्वतः दूर होने लगता है । दर्जनों स्कूली बच्चों के अलावे संयोजक अवधेश कुमार , रामविलास प्रसाद , राम लखन प्रसाद , मथुरा पासवान , रवीन्द्र प्रसाद यादव अधिवक्ता , रामवरण प्रसाद पूर्व प्रधानाध्यापक , चंदेश्वर प्रसाद यादव ,रामरूप प्रसाद यादव सेवानिवृत्ति शिक्षक ,और ग्रामीण दिलीप शर्मा इत्यादि ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई ।

रमरायचक गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में एक महिला हुई जख्मी

लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
परना डाबर थाना क्षेत्र के रमराइचक गांव में दो पक्ष में मारपीट की घटना हुई है। जिसमें एक महिला बिंदु देवी जख्मी हो गई है। जख्मी महिला का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉक्टर उमेश प्रसाद शर्मा के द्वारा किया गया है।घटना का सूचना स्थानीय थाना को दी गई है। घटना का कारण घर के बंटवारा के संबंध में विवाद बताया गया है।

वारिसलीगंज : विधिक जागरूकता शिविर में सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में दी गई जानकारी

लोक तंत्र की आवाज

वारिसलीगंज । स्थानीय प्रखंड कार्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा की ओर से 'सूचना का अधिकार अधिनियम 2005' के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मो. शकील अहमद ने की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिकार मित्र अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा ने विषय प्रवेश कराया तथा एक दूसरे का परिचय प्राप्त किया। शिविर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा एडवोकेट रूपम कुमारी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने कहा कि वैसे अभियुक्त जो निर्दोष होते हुए भी जेल की सजा काट रहे हैं तथा उन्हें कोई कानूनी मदद करने वाला नहीं है या उसे पैसे का अभाव है तो उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नवादा जिला न्यायालय में लीगल एड डिफेंस काउंसिल गठित की गई है। इसके बारे में जानकारी देने की उन्होंने लोगों से अपील की। वहीं बीपीआरओ मो. शकील अहमद, अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा, अधिकार मित्र अनिल कुमार तथा मो. इमरान ने लोगों को सूचना का अधिकार अधिनियम से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया। शिविर में उपस्थित प्रखंड सरपंच संघ अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, हाजीपुर ग्राम कचहरी सरपंच विजय कुमार, अपसढ ग्राम कचहरी उप सरपंच रामबरण सिंह, प्रखंड ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ अध्यक्ष अवनीश कुमार, प्रखंड ग्राम कचहरी सचिव संघ अध्यक्ष किरण कुमारी, सचिव प्रभाकर कुमार आदि ने ग्राम कचहरी के सफल संचालन के बारे में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी से विचार-विमर्श किया।

कौआकोल : जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन में विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर की गई चर्चा

लोक तंत्र की आवाज

कौआकोल(नवादा)। प्रखण्ड के दुर्गामण्डप परिसर में रविवार को जनता दल यूनाइटेड की प्रखण्ड इकाईं का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव की सफलता को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने जदयू कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती,मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराने,बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने सहित अन्य मुद्दों पर कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के बल पर नवादा जिला के पांचों विधानसभा सीट पर एनडीए का विजय पताका लहराएगा। जिसके लिए अभी से ही कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। मौके पर सतीश कुशवाहा, मनोहर पासवान, शेष कुमार शशि, जयशंकर चंद्रवंशी, शिवबालक प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, ईश्वरी प्रसाद, रामचन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

सिरदला व परना डाबर थाना परिसर के आयोजित जनता दरबार में तीन मामला का किया गया निपटारा

लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
सिरदला प्रखंड के सिरदला व परना डाबर थाना परिसर में भूमि विवाद से संबंधित मामलों को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का आयोजन सिरदला के प्रभारी अंचलाधिकारी अभिनव राज व थानाध्यक्ष संजीत राम की अध्यक्षता में की गई। तथा परना डाबर थाना परिसर में थानाध्यक्ष रंजन चौधरी की अध्यक्षता में की गई। कार्यालय के नवीन कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरदला थाना में दो आवेदन प्राप्त हुआ,जिसमें दो मामला निपटारा दोनों पक्ष के कागजात का अवलोकन कर ऑन द सपोर्ट निष्पादन कर दिया गया है। तथा परना डाबर थाना परिसर में दोनो पक्ष के कागजात का अवलोकन कर एक मामला का निष्पादन किया गया है।मौके पर अंचल के राजस्व कर्मचारी रवि शंकर,एस आई संजय कुमार,एस आई रामानंद पांडेय समेत लिपिक नवीन कुमार,एवं दर्जनों फरियादी उपस्थित थे।

जहानाबाद जिला के अंबेडकर नगर निवासी सफाई कर्मचारी (लल्लू) के हत्या के खिलाफ में काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया

लोक तंत्र की आवाज

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ के साठोपुर स्थित सर्वोदय नगर में जहानाबाद जिला के अंबेडकर नगर निवासी सफाई कर्मचारी (लल्लू) को लोहे के रड से पीट-पीट कर हत्य कांड के खिलाफ में अति पिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में काला बिल्ला लगाकर विरोध-प्रदर्शन किए।

इस मौके पर अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी प्रदेश अध्यक्ष सह संस्थापक बलराम दास ने संयुक्त रूप से कहा कि जहानाबाद जिला के अंबेडकर नगर निवासी सफाई कर्मचारी (लल्लू) द्वारा पीने का मग छूने से अपवित्र हो जाने का लाक्षण लगाकर लोहे के रेट से पीठ पीठ कर हत्या कर दी जाती है ये घटना पिछले दिन शनिवार तिथि 14/12/24 की है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी ऐसी घटनाएं घट रही है। संविधान में कानून बन जाने के बाद भी भारत में छुआछूत की भावना आज तक पनप रही है। बाबा साहेब ने संविधान में लिखकर, कानून बनाकर इसे खत्म कर दिये हैं, फिर भी लोग मानसिक गुलामी के कारण ऐसी घटना को अंजाम दे रहे हैं और इसे आज तक ढोते आ रहे हैं। आधुनिक भारत में मानसिक गुलामी को छोड़ना होगा और एक नए भारत का निर्माण करना होगा ताकि भारत देश से छुआछूत,जात-पात,भेदभाव मिटाया जा सके।

मांगे:

1) पीड़िता के एक परिवार को सरकारी नौकरी एवं एक करोड़ रूपया मुआवजा सरकार दे।
2) 5 डिसमिल जमीन मुहैया कर सरकार द्वारा रहने का मकान निर्माण कराया जाए।
3) घटना में संलिप्त दोषी को स्पीड ट्रायल के तहत फांसी की सजा दी जाए।

इस अवसर पर अति पिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव उमेश पंडित जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद अजीत कुमार सुमन सौरभ टी पी सिंह सोनू कुमार अशोक प्रसाद कारू साहब भागीरथ साहब डॉक्टर जगदीश प्रसाद कृष्णा साहब संजू देवी आदि लोग उपस्थित थे।

कल नवादा समेत पूरे देश में बाबासाहेब अंबेडकर का निकलेगा सम्मान मार्च

लोक तंत्र की आवाज

डॉ. अंबेडकर और उनके आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे : डीसी पासवान

सुनील कुमार
नवादा। गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफ़े की मांग को लेकर कांग्रेस आगामी सप्ताह डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सप्ताह के रूप में मनाएगी। नवादा के कांग्रेस नेता व भावी प्रत्याशी राजगीर विधानसभा संजय पासवान उर्फ डीसी बताया कि गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफा की मांग को लेकर हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हम इन मनुस्मृति के उपासकों के खिलाफ डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की विरासत की रक्षा के लिए लड़ेंगे। कांग्रेस आगामी सप्ताह को डॉ. अंबेडकर सम्मान सप्ताह के रूप में मनाएगी। सभी कांग्रेस सांसद, वरिष्ठ नेता और कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य 22-23 दिसंबर को देश भर में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों और जिला मुख्यालयों में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। 24 दिसंबर को पूरे देश में हम बाबासाहेब अंबेडकर सम्मान मार्च निकालेंगे। नवादा में अमित शाह के इस्तीफ़े की मांग करते हुए नवादा जिलाधिकारी के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। हम डॉ. अंबेडकर और उनके आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे।

संक्षिप्त खबरें ।

मुरादाबादः श्री कृष्ण सुदामा मिलन का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

सईद कुरैशी

ठाकुरद्वारा। श्रीमद् भागवत कथा के छटे दिन श्री कृष्ण सुदामा मिलन का प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। नगर के वार्ड नंबर 5 विवेकानंद इंटर कॉलेज के पीछे श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार को कथावाचक उपेंद्र गौड़ ने कंस वध और भगवान श्री कृष्ण और उनके सरा सुदामा के मिलन कामनमोहक वर्णन किया। इस दौरान सुंदर-सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की गई। कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए और भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाने लगे। इस दौरान कथा में रोहितास सिंह, ब्रह्मपाल सिंह यादव, पुष्पेंद्र कुमार ,सुनील कुमार , देव प्रकाश सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, कुलबीर सिंह राना,वीना देवी अखिलेश देवी, किरण देवी, गीता शर्मा, नेहा यादव आदि भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के चलते अवैध मिट्टी का खनन कारोबार जोरों पर

सईद कुरैशी

ठाकुरद्वारा। नगर के पास के देहात क्षेत्रों के गांवों में खनन कारोबार जोरों पर है खनन कारोबारी उपजाऊ खेतों और नदियों का सीना चीरकर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं रात का अंधेरा हो या दिन का उजाला खनन का कारोबार क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा है नगर के पास के गांवों में उपजाऊ खेतों से मिट्टी और क्षेत्र में स्थित ढेला नदी सहित अन्य नदियों का सीना चीरकर कारोबारी खनन कर रहे हैं जिसके चलते राजस्व विभाग को हजारों का नुकसान पहुंचने का कार्य किया जा रहा है जब किसी खनन कारोबारी से सड़क हादसा हो जाता है या फिर शिकायत होने पर स्थानीय प्रशासन कुछ समय के लिए अपनी पावर दिखता है और खनन का काम बंद कर देता है उसके बाद फिर खनन कारोबारी सांठगांठ कर अपने काम को चुपचाप अंजाम दे रहे हैं जिस पर प्रशासन भी चुप्पी सादे हुए बैठा हुआ है जिसके चलते ग्रामीणों में भी रोष व्यक्त है

बिजनौर थाना मंडावर क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद बार-बार पुलिस को दे रहे चुनौती

रिपोर्ट नीतीश कुमार

मंडाबर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है बार-बार कर रहे हैं नलकूपों पर चोरी यशपाल सिंह पुत्र सुखबीर सिंह गांव बादशाहपुर निवासी ने मंडावर थाने में तहरीर दी कि मेरी खेती की जमीन गांव के पास है जिस पर बिजली का नलकूप है और उस पर बिजली की मोटर रखी हुई थी जिसे शुक्रवार के रात में चोरों ने बिजली की मोटर चुरा ली जब मैं शनिवार की सुबह अपने खेतों पर गया तो नल कूप से मोटर गायब थी और अन्य सामान भी गायब था किसान ने थाने में तहरीर दे दी है वही एक महीने पहले भी चोरी हुई थी चोरों ने गांव काजीवाला निवासी सीआरपीएफ के बंद पड़े मकान में भी चोरी की थी जिसका आज तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है।

शुक्रवार सुबह हुए जयपुर में एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में अब तक 11 लोगों की मौत, हादसे के बाद कई लोग लापता

लोकतंत्र की आवाज

35 लोग गंभीर रूप से झुलस गए, हादसे के बाद 14 यात्री और बस का ड्राइवर कंडक्टर लापता

रिपोर्ट रोहित कुमार

जयपुर। भांकरोटा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए भीषण हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास एक एलपीजी टैंकर और ट्रक की टक्कर में भयानक विस्फोट हो गया। इस हादसे में 11 लोगों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। जबकि 35 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद 14 यात्री और बस का ड्राइवर कंडक्टर लापता हैं।एलपीजी टैंकर अजमेर की ओर से जयपुर आ रहा था। क्वै स्कूल के पास टैंकर यू-टर्न ले रहा था, तभी जयपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने टैंकर के नोजल में टक्कर मार दी। नोजल से करीब 18 टन गैस फैलकर 200 मीटर के दायरे में गैस का चौंबर बन गया। कुछ ही सेकेंड में टैंकर में जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास की गाड़ियों में आग लग गई।

विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आग की लपटें आसमान तक पहुंच गई। घटना स्थल पर खड़ी एक स्लीपर बस में 34 यात्री सवार थे। बस पूरी तरह जल गई, जिसमें 20 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं, कई पक्षी आग की लपटों में जल गए। एक बाइक सवार का हेलमेट उसके चेहरे से चिपक गया, जिससे उसकी आंखें भी जल गईं। अस्पताल में एक ऐसी लाश पहुंची, जिसका केवल धड़ बचा था, सिर और पैर गायब थे। धमाके के छह घंटे बाद तक इलाके में घुटन और आंखों में जलन महसूस हो रही थी। आसपास की कई गाड़ियां जलकर राख हो गईं। गेल इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से 100 मीटर दूर कच्चे तेल की पाइपलाइन सुरक्षित है, लेकिन इलाके में भारी नुकसान हुआ है।

फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। घायल यात्रियों को जयपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। लापता लोगों की तलाश और मृतकों की पहचान का काम जारी है। यह हादसा सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही की दर्दनाक तस्वीर पेश करता है। प्रशासन से लेकर आम नागरिक तक।

बिजनौर : सेंट मैरी स्कूल में मची क्रिसमस की धूमः रंगारंग कार्यक्रमों से गूंजा स्कूल परिसर

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राजेंद्र चौहान

बिजनौर नजीबाबाद रोड स्थित सेंट मैरी स्कूल में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे झालरों और क्रिसमस ट्री से सजाया गया था। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।किंडरगार्टन के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू, प्रधानाचार्या सिस्टर रिंसी, सिस्टर अमला, सिस्टर प्रसन्ना एवं सिस्टर एंजेल ने प्रभु यीशु की आरती के साथ किया। कार्यक्रम में बच्चों ने खास क्रिसमस गीतों, नृत्य, और नाटकों के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म का संदेश दिया और एक अद्वितीय प्रदर्शन प्रस्तुत किया। विद्यालय मीडिया प्रभारी आदित्य खन्ना ने बताया कि वर्धमान कॉलेज में चल रहे एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भूमि मालिक ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 17 दिसंबर को मेथोडिस्ट चर्च बिजनौर में आयोजित कैरोल गायन प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एकल गायन (संस्थागत): रिद्धिमा भारद्वाज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। युगल गायन (संस्थागत): इशिका जाखमोला और रिद्धिमा भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ओपन श्रेणीः अध्यापिका पारुल राजवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेताओं को विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू एवं प्रधानाचार्या सिस्टर रिंसी द्वारा सम्मानित किया गया। सभी को इस अवसर पर केक बाटा गया। इस क्रिसमस के जश्न ने सभी के दिलों में खुशी और उल्लास भर दिया।

बैंक से रुपए निकाल कर जा रही महिला के रुपये पर उचक्कों ने किया हाथ साफ, पुलिस ने लिया तत्काल संज्ञान

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

स्योहारा। बैंक से रुपये निकाल कर बाजार जा रही महिला की रकम पर उचक्कों के द्वारा हाथ साफ करने की बात सामने आई। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल घटना का संज्ञान लिया और महिला से पूरे मामले की जानकारी ली। थाना क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी महिला सावित्री पत्नी मनीष घर से पीएनबी बैंक गई और वहां से दस हजार रु निकाल कर थैले में रखकर बाजार जा रही थी लेकिन कुछ दूरी पर ही उच्चकों ने उसके थैले को काटकर उसकी रकम उड़ा ली। घटना की सूचना मिलते ही नगर इंचार्ज उप निरीक्षक कृपाल सिंह मय सिपाहियों के तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और महिला से पूरे मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्यवाही शुरू की।

बिजनौर ई रिक्शा चालक संगठन के जिला अध्यक्ष सभासद दीपक गर्ग ने लगाए रिफ्लेक्टर, शिविर का किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

बिजनौर। ई-रिक्शा चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष व सभासद दीपक गर्ग मोनू ने घने कोहरे में रिक्शा चालकों की सुरक्षा के लिए उन्हें रिफ्लेक्टर पट्टिका एवं एलइडी लाइट निशुल्क वितरित की। शुक्रवार को शक्ति चौराहे पर ई रिक्शा एसोसिएशन के द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व सभासद दीपक गर्ग मोनू ने फीता काटकर किया और सैकड़ो रिक्शाओं में निशुल्क रिफ्लेक्टर पट्टिका एवं एलईडी बल्ब वितरित किये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चालकों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है और इसके लिए घने कोहरे को देखते हुए उन्हें यह सुविधा दी जा रही है। उन्होंने सभी रिक्शा चालकों से एसोसिएशन से जुड़ने और लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर संगठन के महामंत्री नानकचंद खेड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद प्रधान, कोषाध्यक्ष गौरव खेड़ा, नौशाद अहमद, कुलदीप सैनी, मरगूब चौधरी, अहसा, राजीव चौधरी, मुनव्वर सोनू आदि मौजूद रहे। बताते चलें कि ई रिक्शा संगठन पंजीकृत का जनपद बिजनौर जिला अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के सभासद दीपक गर्ग मोनू को बनाया गया है। इसके उपरांत बड़ी संख्या में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का समाजसेवियों व ई-रिक्शा यूनियन एसोसिएशन की ओर से भव्य स्वागत किया गया था। ई रिक्शा यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक गर्ग मोनू ने सभी संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व रिक्शा चालकों का इस सम्मान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

उत्तराखंड सरकार ने कोटद्वार से नई दिल्ली के लिए प्रातःकाल ट्रेन चलाने की पुनः संस्तुति की

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

नजीबाबाद कोटद्वार से नई दिल्ली के लिए प्रात काल में ट्रेन चलाए जाने के सुझाव पर उत्तराखंड सरकार ने अपनी पुन संस्तुति रेल मंत्रालय को भेज दी है। कोटद्वार से नई दिल्ली के लिए प्रातकाल ट्रेन के चलने से रेलवे को लाखो रुपए प्रति माह की आय होगी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पौढ़ी गढ़वाल के सांसद अनिल बलूनी तथा रेलवे के महाप्रबंधक सहित अन्य उच्च रेल अधिकारियो को पूर्व में अवगत कराया था कि अगर कोटद्वार से प्रातकाल 5 और 6 बजे के बीच में कोई ट्रेन दिल्ली के लिए चले और शाम को यही ट्रेन वापस हो जाए तो रेलवे को लाखो रुपए प्रति माह की आय होगी तथा कोटद्वार सहित नजीबाबाद बिजनौर गजरौला मार्ग के लोगों को तथा व्यापारियों को काफी फायदा मिलेगा। इसी परिपेक्ष में नवंबर माह में उत्तराखंड शासन के अपर सचिव नरेंद्र कुमार जोशी ने रेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के अनुसचिव को भेजे पत्र में कहा कि कोटद्वार से नई दिल्ली के लिए प्रातकाल समय में ट्रेन का संचालन करने के संबंध में उत्तराखंड शासन द्वारा यह कहने का निर्देश प्राप्त हुआ है कि इस संबंध में अपेक्षानुसार अग्रतर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से शासन और संबंधित को अवगत कराएं अभी संबंध में पुन उत्तराखण्ड के अपर सचिव नरेंद्र कुमार जोशी ने रेल मंत्रालय को पुन पत्र लिखा है।

अचानक शिवपुरी उपकेंद्र पहुंचे ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, कहा- उपभोक्ता जब तक आएं, खुला रहे बिलिंग काउंटर

लोक तंत्र की आवाज

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने चिनहट के शिवपुरी बिजली उपकेन्द्र का औचक नरीक्षण कयिा। इस दौरान उन्होंने कई उपभोक्ताओं से बातचीत भी की

रत्ना

लखनऊ। उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न आए और योजना के बारे में अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार-प्रसार करने के लिए भी कहा है।इस दौरान मंत्री ने एक महिला उपभोक्ता से पूछा कि क्या उन्हें ओटीएस की जानकारी है? इस पर महिला उपभोक्ता ने हां में उत्तर दिया। फिर अन्य उपभोक्ताओं से पूछा कोई परेशानी तो नहीं है, इस पर कुछ उपभोक्ता ने बिलिंग काउंटर और देर तक खुला रखने का आग्रह किया। इस पर ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि ओटीएस योजना चलने तक उपभोक्ता जब तक आए, तब तक बिलिंग काउंटर खुले रहें।बकाएदार उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न आए और योजना के बारे में अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने उपभोक्ताओं को बताया कि प्रदेश सरकार उनके बकाए विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट के लिए एक बार फिर से एकमुश्त समाधान योजना को 15 दिसम्बर से लागू किया है। इसका प्रथम चरण अभी चल रहा है।

स्टोन क्रेशर्स के लिए स्वतंत्र फीडर करें स्थापितः जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति, जिला निर्यात समिति, एमओयू क्रियान्वयन तत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में स्टोन क्रेशर ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी के उद्यमियों द्वारा नजीबाबाद क्षेत्र में 20 से अधिक स्टोन क्रशरों को स्वतंत्र विद्युत आपूर्ति की मांग किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बिजली विभाग द्वारा स्टोन क्रशर्स के लिए स्वतंत्र फीडर स्थापित किए जाने के लिए निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने एमओयू दीवान प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अपनी इकाई स्थापना के लिए वन विभाग से पेड़ों को काटने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र के बारे में निर्देश दिए की उक्त संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं ताकि औद्योगिक इकाई की स्थापना में आने वाली कठिनाई दूर हो सके। उन्होंने विवेक विश्व विद्यालय के चेयरमैन अमित गोलय द्वारा यूनिर्वसिटीके प्रांगण से गुजरने वाली 11000 वाट की विद्युत लाइन को हटाने के की मांग पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि उक्त प्रकरण को मण्डल स्तर पर प्रेषित किया जाए। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास ओर अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उद्योग बंधुओं द्वारा बैठक में उद्योग हित के साथ जनहित से जुड़े कई मसले जैसे सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता, पर्यटन, भूमि आदि से जुड़े मसले उठाए गए, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बिजनौर रेलवे क्रॉसिंग से पहले बाहरी वाहनों द्वारा उड़ने वाली धूल से हो रहे वायु प्रदूषण के संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की प्रतिदिन पानी का छिड़काव कराएं ताकि धूल न उड़े। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष आवेदनों की संख्या को बढाना सुनिश्चित करें तथा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित गति से निष्पादन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने पीएम गति शक्ति जिला समन्वय समिति के गठन करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत प्रमुख बिंदुओं सहित बैठक के अन्य प्रकरणों की भी गहन समीक्षा कर उनसे सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित जिले के उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु विकास कुमार अग्रवाल, मुनिश त्यागी, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उद्योग बन्धु मौजूद थे।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यूपी रोडवेज बसों में एक बार फिर सुनाई देगी रामधुन

लोक तंत्र की आवाज

सतीश

प्रायगराज। महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत उत्तर प्रदेश की रोडवेज बसों में भक्ति संगीत बजाया जाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने यह निर्देश दिया है। यह निर्णय प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 की समीक्षा बैठक में लिया गया। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं व परिवहन निगम की एप का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराने की तैयारियां की जाएं।जबकि अगले माह प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो रहा है, दोनों आयोजन दिव्य और भव्य हैं, इसीलिए तैयारियां भी उसी के अनुरूप कराई जा रही हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा है कि परिवहन निगम की सभी बसों में भक्तिपूर्ण संगीत चलाया जाएं। मंत्री सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रयागराज में महाकुंभ-2025 को लेकर प्रदेश में सुगम व सुरक्षित परिवहन व्यवस्था के लिए परिवहन निगम मुख्यालय में समीक्षा बैठक हुई। निर्देश दिया कि भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं व परिवहन निगम की एप का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराने की तैयारियां की जाएं।

संक्षिप्त खबरें ।

खानपुर में जनता दरबार का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आबाज
दिलीपकुमार ठाकुर

खानपुर/समस्तीपुर। खानपुर थाना परिसर मे भूमि संबंधी मामलो के समाधान वास्ते सीओ मनीष कुमार क़ी अध्यक्षता एवं थाना के पुलिस पदाधिकारी पूनम कुमारी क़ी उपस्थिति मे जनता दरबार आयोजित हुयी जिसमे कुल 34 मामलो मे से सात मामलो का ऑन स्पॉट निष्पांदन करते हुए शेष 27 पर नोटिस निर्गत किया गया। वही वारिसनगर थाना परिसर मे थानाध्यक्ष निरंजन कुमार क़ी उपस्थिति मे राजस्व अधिकारी खुशबु गौतम क़ी अध्यक्षता मे थानाक्षेत्र से आये भूमि संबंधी मामलो के समाधान वास्ते जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे लंबित सात नया तीन कुल दस मे से दो मामलो का ऑन स्पॉट निष्पांदन करते हुए शेष आठ वास्ते अगली तारीख मुक़र्र क़ी गई। इस अवसर पर थाना क्षेत्र से आये हुए फरियादि अंचल कर्मी मंटून कुमार अमीन चंदेश्वर सिंह पत्रकार दिलीपकुमार ठाकुर आदि उपस्थित रहे हैं।

कबड्डी प्रतियोगिता में पीरपैंती,फुटबॉल में बसंतपुर की टीम बनी विजेता

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत एल एन उच्च माध्यमिक विद्यालय मलिकपुर में नेहरू युवा संगठन के द्वारा कबड्डी,फुटबॉल एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी बालिका वर्ग में पीरपैंती विजेता, मौलटोला उप विजेता रही। बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में एल एन उच्च विद्यालय विजेता मौल टोला उप विजेता रही। फुटबॉल बालक वर्ग में बसंतपुर विजेता किसनिचक उप विजेता रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सर्वोत्तम कुमार शर्मा,अंकज मंडल, मो बेलाल,राकेश पांडे,हरि ओम,प्रीतम,सहानन्द रहे। प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण का कार्य मुखिया अरविंद साह,कुंदन यादव , एफ पी आनंद,हेमा देवी,अनुज पासवान,कपेश कुमार नवीन,सुजीत दीपेश कुमार रहे।

अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अपहृता बरामद

लोकतंत्र की आबाज

वारिसनगर/समस्तीपुर। थाना कांड संख्या 166/24 के प्राथमिकी अभियुक्त अमित कुमार उर्फ छोटू पिता स्वर्गीय देव कुमार सिंह ग्राम चारो थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर को आदर्श नगर थाना मुफशील जिला समस्तीपुर से गिरफ्तार किया गया वही पॉक्सो कांड में वांछित वारिसनगर थाना कांड संख्या 146/23 के प्राथमिकी अभियुक्त सुजीत कुमार पिता राजगीर सहनी ग्राम पस्तपारा थाना बालिगाव जिला वैशाली को उड़ीसा से गिरफ्तार कर साथ अपहृता को वारामद कर थाना लाया गया क़ी पुस्टि थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने क़ी है।

मोबाइल की लालच देकर नौ साल की बच्ची से रेप, पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी युवकों को किया गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

सुपौल। जिले के त्रिवेणीगंज थाना अन्तर्गत नाबालिग नौ साल की बच्ची से रेप मामले में त्रिवेणीगंज थाना प्रभारी रामसेवक रावत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है, इस कार्रवाई से त्रिवेणीगंज थाना प्रभारी रामसेवक रावत की जमकर तारीफ हो रही है।

पुलिस ने पीड़ित बच्ची के परिजन की शिकायत पर मामला दर्ज किया था ,रिश्ते में भाई लगने वाले दरिंदे ने इस घटना को अंजाम दिया था, आरोपी दरिंदों ने मोबाइल का लालच देकर बच्ची के साथ गलत काम किया था,उस दौरान पीड़ित अपने बुआ के घर में अकेली थी, साथ ही दरिंदों ने बच्ची को जान से मारने की धमकी दी, उसने बच्ची से कहा था कि किसी को इस बारे में कुछ भी बताया तो काटकर नदी में फेंक दूंगा, बताया जाता है कि पीड़ित बच्ची के जन्म के दो महीने बाद ही उनकी मां की मौत हो गई थी, पिता सतेली मां के साथ सहरसा में रहते हैं जबकि बच्ची अपने बुआ के साथ रहती है बुआ के यहा ही उसकी परवरिश हुई, घटना के दिन बच्ची बुआ सहरसा गई थी, बच्ची को घर मे अकेली देख उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी युवक अखिलेश कुमार ने लड़की को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे मुंह बंद रखने की हिदायत दी, जिसके चलते पीड़ित लड़की डर से यह बात घर मे किसी को नहीं बताया। घटना के एक दिन बाद लड़की के प्राइवेट पार्ट से ब्लड निकलते देख घरवालों को यह बात पीड़ित लड़की से पूछने पर मालूम हुई। जिसके बाद गाँव मे पंचायत के माध्यम से इस मामले की हल करने की कोशिश की गई। लेकिन आरोपी पक्ष बात को अनसुनी कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित लड़की को इलाज के लिए अस्पताल भेज मामले की जांच में जुट गई थी। जानकारी मिलते ही डीएसपी बिपिन कुमार खुद बच्ची के फुआ के घर पर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया, इस बाबत त्रिवेणीगंज थाना प्रभारी रामसेवक रावत ने बताया कि इस मामले में पीड़ित लड़की के फुआ के आवेदन पर आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कांड संख्या 545/24 दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तार हेतु छापेमारी की जा रही थी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.आगे की कार्रवाई की जा रही है,पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

खेग्रामस का राज्यव्यापी 23 दिसंबर को प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन

लोकतंत्र की आबाज

- खेग्रामस प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर यादव के पर्यवेक्षण में बैठक हुई

वारिसनगर/समस्तीपुर। प्रखंड मे रोहुआ पंचायत चिरियारी महादलित बस्ती में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) खेत मजदूर नेता देवेन्द्र ठाकुर के अध्यक्षता में एवं खेग्रामस प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर यादव के पर्यवेक्षण में बैठक की गयी।

जिसमें मुख्य अतिथि बतौर भाकपा (माले) प्रखंड सचिव रामचंद्र पासवान खेग्रामस प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर यादव देवेन्द्र ठाकुर सिंघेश्वर सदा बद्री मांझी दिलीप सदा हरेराम भगत प्रमिला देवी आरती देवी मीना देवी छोटी कुमारी डोमनी देवीआशा देवी संजुला देवी मंजुला देवी लक्ष्मी देवी शुशीला देवी सीमा देवी पार्वती देवी नमिता देवी देवी विमला देवी आदि मजदूरों ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराये ।मनरेगा मजदूरों को 200 दिन काम 600 रुपये दैनिक मजदूरी जॉब कार्ड एवं काम मिले एवं बकाया मजदूरी का भुगतान करने सभी भूमिहीनों 5 डिसमील जमीन व पक्का मकान देने बषी से बसे हुए गरीबों को वासगीत परचा देने सभी महागरीबों को रोजगार के लिए दो–दो लाख रुपये की सहायता देने सभी महागरीबों को 72 हजार रुपये से कम का वार्षिक आय प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए 23 दिसंबर को राज्यव्यापी प्रखंड मुख्यालय पर धरना/प्रदर्शन किया जाएगा।

पीरपैंती में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। नेहरू युवा केंद्र भागलपुर, मेरा युवा भारत भागलपुर, के तहत पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीनारायण प्लस टू हाई स्कूल मे एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन छात्र नेता कपेश कुमार के देख रेख में संचालित किया गया । जिसमें कबड्डी, फुटबॉल, दौड़, बैडमिंटन, जैसे खेल शामिल रहे। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन सुराज के जिला अध्यक्ष अरविंद साह, रहे , एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व मुखिया हेमा देवी रही । जिनके द्वारा फीता काट खेल प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया ।इस दौरान प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को, पुरस्कार दे सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के शिक्षक, समेत नवीन कुमार, सुजीत कुमार, दीपेश कुमार, सतीश कुमार, आदि मौजूद थे।

युवा राजद नेता सह समाजसेवी डॉ दीपक ने लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैंप

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती दियारा क्षेत्र,बाबुपुर दियारा क्षेत्र में युवा राजद नेता व समाजसेवी डॉ दीपक के नेतृत्व में पांच सदस्यीय डॉक्टर की टीम ने मेडिकल कैंप लगाया।लगभग 1000 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मुखिया लक्ष्मण यादव व विद्यालय के प्रभारी रहे।आम जनता लगातार सुबह से ही अपनी बारी का इंतजार कर रही थी।डॉ दीपक ने बताया कि इस मेडिकल कैंप के माध्यम से लोगों की सेवा करना ही मेरा परम लक्ष्य है और स्वास्थ्य के मैं लोगों को पूर्ण जागरूक करना चाहता हूं।शुरुआती तौर पर अगर बिमारी का पता लग जाता है तो काफी आसानी से इलाज हो सकता है।

आगे डॉ दीपक ने बताया कि अभी भी काफी संख्या में लोगों के स्वास्थ्य जांच की जरूरत है। डॉ आलोक रंजन, डॉ विक्रांत कुमार, डॉ शंकर इस टीम में मौजूद रहे। स्वास्थ्य जांच के उपरांत शुगर,बीपी, सर्दी,खांसी, बुखार,शरीर दर्द, ज्वाइंट पेन संबंधी दवाइयों का वितरण किया गया।आज का मेडिकल कैंप शाम 5 बजे तक चलता रहा।।इस मौके पर राजाराम यादव,शिवजी यादव,अभिनंदन यादव, मौजूद रहे। डॉ दीपक ने आगे भी लोगों क के सहयोग की बात कही। डॉक्टर दीपक कुमार सेवा भावना ने रोगियों का दिल जीत लिया।

जे.पितचैया का जन्मदिन बॉल बैडमिंटन दिवस के रूप में मनाया गया

- शनिवार को बिहपुर के रेलवे मैदान पर केक काट कर जे. पितचैया का जन्मदिन मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के निर्देशानुसार शनिवार को बिहार राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में बॉल बैडमिंटन खेल के₹ प्रथम अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ी जम्मालमदक पितचैया ₹ के जन्मदिन के अवसर पर बॉल बैडमिंटन दिवस मनाया गया। इस बात की जानकारी देते हुए भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के संयुक्त सचिव–सह–बिहार राज्य बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ ने आज अर्जुन पुरस्कार विजेता बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी जे.पितचैया के 107वें जन्मदिन को बॉल बैडमिंटन दिवस घोषित किया है।

भारत सरकार द्वारा बॉल बैडमिंटन के स्टार खिलाड़ी जे.पितचैया को 1970 में अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया। आंध्र प्रदेश के बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी रहे जे.पितचैया ने राष्ट्रीय स्तर के कई प्रातियोगिताओं में स्टार प्लेयर ऑफ इंडिया का खिताब जीता। बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए जे.पितचैया सदा आदर्श खिलाड़ी रहेंगे। बिहार राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष –सह–माननीय सदस्य,बिहार विधान परिषद प्रो.नवल किशोर यादव,संघ के वरीय उपाध्यक्ष–सह–बिहार सरकार के माननीय उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ,उपाध्यक्ष प्रो.सुहेली मेहता ,संयुक्त सचिव मिताली मित्रा, रंजन गुप्ता,अनामिका पासवान,पटना जिला सचिव डॉ.अरुण दयाल,राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार,अंकित कुमार शर्मा,सूरज कुमार,गुलशन कुमार,बिट्टू कुमार,घनश्याम कुमार,विशाल कुमार, आशीष उर्फ सन्नी कुमार,प्रियांशु कुमार, आदित्य राज, विकाश कुमार,देवा उर्फ गणेशा आदि शामिल थे।

जदिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो अलग अलग जगहों से 38 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

सुपौल। जिले के जदिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कर्रवाई करते हुए शनिवार की सुबह कोरिया पट्टी पूरब पंचायत के हीरापट्टी वार्ड 12 में दो अलग–अलग जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है।

गुप्त सूचना के आधार पर राजस्व अधिकारी राकेश कुमार के संयुक्त छापेमारी में पुलिस ने बुद्धू साह के घर से 37 किलो और उसी गांव के अर्जुन साह के घर से एक किलो 1,2 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त जगह पर गांजा की भारी मात्रा में तस्करी की जा रही है। इस मामले में शनिवार को मजिस्ट्रेट संग थानाध्यक्ष राजीव कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने पुलिस बल के साथ छापामारी कर दी। छापेमारी में भारी मात्रा में गांजा देख पुलिस भी हतप्रभ रह गई। पुलिस ने बरामद गांजा की मापी कर कागजी प्रक्रिया के बाद सील कर थाना लाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में आरोपी अर्जुन साह की पत्नी ,बुद्धु साह एवं उसके पुत्र छतर कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामदगी को लेकर केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

जागरूकता एवं समन्वय को लेकर अभीज्ञान दिशा मधुबनी के द्वारा मोरवा ई किसान भवन में बैठक आयोजित की गई

लोकतंत्र की आबाज

मोरवा/समस्तीपुर। मोरवा प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन के प्रांगण में शनिवार को अभीज्ञान दिशा मधुबनी के द्वारा संगठन सदस्यों एवं सरकारी अधिकारीयों के साथ जागरूकता एवं समन्वय को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन विकाश कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय कुमार,अनूप त्रिपाठी, अच्युत सुमन, अतिश कुमार कौशल, रोजगार सेवक अनूप त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी सामिल हुए। वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी के द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बिस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। मौके पर बैठक में सामुदायिक कार्यकर्ता राजीव कुमार, संगठन के सदस्य नंदकिशोर पासवान, पार्वती देवी, पिंकी देवी, फूलों देवी, सुनैना देवी, सीमा देवी, महेश्वरी देवी, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

प्राकृतिक छेड़छाड़ से जलवायु प्रभावित हो रही है : डॉ0 पुष्कर कुमार

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती, भागलपुर। नवगछिया अनुमंडल के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के रंगराचौक प्रखंड के तिनटंगा दियारा दक्षिणी पंचायत के सुप्रसिद्ध आदर्श मध्य विद्यालय, तिनटंगा दियारा में संस्कृताचार्य डॉ० शिवनाथ रविदास उर्फ़ चहकनाथ भागलपुरी के निर्देशन में, प्रधान शिक्षक डॉ० पुष्कर कुमार के मार्गदर्शन में, प्रप्रअ नितेश कुमार की अध्यक्षता में, वरीय शिक्षक जयप्रकाश सिन्हा, राजेश कुमार व प्रवीण जायसवाल के प्रबंधन में, अध्यापिका अन्नु कुमारी व चंदा कुमारी के सहप्रबंधन में सुरक्षित शनिवार मनाया गया।

बच्चों ने मॉकड्रील से खेल–खेल में जीवंत गतिविधियों व नाटकीय अंदाज में भूमि,जल, वनादि के संरक्षण के उपाय रोचक तरीके से सीखे। संस्कृताचार्य डॉ० शिवनाथ रविदास उर्फ़ चहकनाथ भागलपुरी ने कहा कि भूमि,जल, वनादि का दोहन अगली पीढ़ी के लिए घातक है। वहीं प्रधान सह विशिष्ट शिक्षक डॉ० पुष्कर कुमार ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के छेड़छाड़ से जलवायु प्रभावित हो रही है, जिससे अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, सुखाड़, भूकम्प आदि आपदाएँ आती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बच्चों ने बढ़ा–चढ़ाकर हिस्सा लिया। लवली, संध्या, दिव्या, सुहानी, ऋतिका, स्मृति, भीम, कुंदन, आदित्य, आनंद, शुभम, हनी, डेजी, बेबी, नंदिनी, कोमल, पूजा, प्रियांशी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

संक्षिप्त खबरें ।

मोतिहारी: भाजपा के महिला नेत्री को बनाया गया मंडल अध्यक्ष

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
पूर्वी चम्पारण: पताही,प्रखंड के बखरी बाजार विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता के आवास स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक हुई। जिसमें पार्टी के मंडल अध्यक्ष का चयन किया गया। पार्टी के मंडल चुनाव प्रभारी मुन्ना शाही के अध्यक्षता में पताही मंडल के अध्यक्ष का चुनाव कराया गया। पताही प्रखंड में दो मंडल बनाएं जाने के बाद पताही पूर्वी मंडल का अध्यक्ष अर्चना देवी को सर्व सहमति से मंडल अध्यक्ष चुना गया। वहीं विधायक लालबाबु प्रसाद गुप्ता ने मनोनीत होने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आशा और विश्वास हैं कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को काफ़ी मजबूती मिलेगी। इस दौरान भारत के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थें।

मोतिहारी: बिहार के सीएम नीतीश कुमार के आगमन को लेकर जिला प्रशासन चुस्त दुरुस्त,चप्पे–चप्पे पर पुलिस पदाधिकारी रहेंगे मौजूद

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
पूर्वी चम्पारण: सीएम नीतीश कुमार के सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे 5000 पुलिस बल.... 600 पदाधिकारी, 600 मजिस्ट्रेट, 20 डीएसपी रैंक के पदाधिकारी...तीन लेयर का होगा सुरक्षा घेरा, चप्पे चप्पे पर होगी पुलिस की तैनाती....जमीन से आकाश तक रहेगा पुलिस का पहरा....सादे लिबास में निगरानी करने के लिए तैनात किए जाएंगे पुलिस और स्पेशल ब्रांच के पदाधिकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने सुरक्षा घेरा का बना दिया है रूट चार्ट। उधर इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन जिले के केसरिया प्रखंड अंतर्गत सुन्दरापुर और सुगावं में कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास। बता दें कि 24 दिसंबर को प्रगति यात्रा के लिए बिहार के विभिन्न जिलों एवं जगहों पर उनका कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें विभिन्न योजनाओं उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे।

बिहार प्रदेश आम आदमी पार्टी के एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष बनें शत्रुध्न साहू,तों वही उमेश कुशवाहा को बिहार प्रदेश ओबीसी सेल का अध्यक्ष बनाया गया

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
पूर्वी चम्पारण: जिले के आम आदमी पार्टी के दो नेताओं को बिहार प्रदेश में जगह दीं गयी हैं। इसकी जानकारी मोतिहारी आम आदमी पार्टी के जिला प्रवक्ता सह केसरिया के पूर्व विधायक प्रत्याशी राम अधार राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है। वहीं श्री राय ने बताया कि जिले के अच्छे वक्ता शत्रुध्न साहू को एवं पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले वक्ता उमेश कुशवाहा इन दोनों नेताओं के अच्छे कार्यकलाप को देखते हुए बिहार प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रभारी अजेश यादव एवं अभिनव राय ने इनको बड़ी ज़िम्मेदारी देते प्रदेश एडवाइजरी कमेटी का अध्यक्ष एवं प्रदेश ओबीसी सेल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही शुभकामना दीं है। उधर श्री राम अधार राय ने बताया कि इन दोनों नेताओं को 25,12,2024 को आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय मोतिहारी में स्वागत समारोह किया जाएगा है। उधर इनके प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बिहार प्रदेश के अध्यक्ष राकेश कुमार यादव समेत आम आदमी पार्टी के कई नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एसएसबी व पुलिस बल द्वारा किया गया फ्लैग मार्च।

गौनाहा / प्रखंड अंतर्गत सूबे के मुखिया नीतीश कुमार के आगमन को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु एसएसबी व गौनाहा पुलिस द्वारा गौनाहा बाजार सहित सुदूर इलाकों मे फ्लैग मार्च किया गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु एसएसबी व पुलिस के जवानो द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उन्होंने बताया की नेपाल से सटे बॉर्डर पर भी विशेष रूप से चौकसी बरती जा रही है ताकि नेपाल से कोई असामाजिक तत्व भारतीय सीमा मे प्रवेश नहीं कर सके। उनका कहना था की बॉर्डर सहित थाना क्षेत्र मे रात्रि गश्ती बढ़ा दी गयी है ताकि कोई अप्रिय घटना नहीं घट सके।

बेतिया :सरस्वती शिशु बालिका विद्या मंदिर में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की तृतीय शताब्दी वर्ष के अवसर पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का की गई आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

तृतीय शताब्दी वर्ष के अवसर पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजन किया गया

क्षितिज राज
बेतिया :– बाबा हरिदास नागा राज ड्योढ़ी परिसर स्थित सरस्वती शिशु बालिका विद्या मंदिर में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की तृतीय शताब्दी वर्ष के अवसर पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के भैया बहन द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की गई।महारानी अहिल्याबाई होल्कर मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी तथा इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडे राव की धर्मपत्नी थी। इनका जन्म 31 मई 1725 ग्राम चौढ़ी जामखेड महाराष्ट्र के अहमदनगर में हुई थी उनके पिता मान्कोजी शिंदे के एक सामान्य किसान थे इन्होंने महेश्वर को राजधानी बनाकर शासन किया। भारत के सबसे दूरदर्शी महिला शासको में से एक मानी जाती थी। यह धर्म का संदेश फैलाने और औद्योगिकरण के प्रचार प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया एवं विद्यालय के बहनो द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार द्वारा अतिथि परिचय करते हुए सभी गणमान्य को सम्मानित किया गया तथा विद्यालय के बहनों द्वारा स्वागत गीत एवं गणेश वंदना के साथ भाव नृत्य प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन सचिव रवि रंजन यादव द्वारा की गई। मुख्य वक्ता का उद्बोधन रामलाल सिंह प्रदेश सचिव लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा की गई। वार्षिकोत्सव में शामिल मुख्य अतिथि विधायक उमाकांत सिंह (चनपटिया विधानसभा क्षेत्र) ने सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़ने वाले भैया बहनों को विद्यालय द्वारा दी जाने वाली शिक्षा तथा संस्कार के प्रति आभार प्रकट करते हुए, अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री, विधायक, सांसद, कलेक्टर,एसपी बनना कोई बड़ी बात नहीं होती लेकिन एक अच्छा इंसान बनना बहुत बड़ी बात होती है क्योंकि इंसानियत इंसान को इंसान बना देती है लगन है मुश्किल तो आसान बना देती है यूं ही नहीं लोग जाते मंदिरों में आस्था तो पत्थर को भगवान बना देती है, इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति हमारी भारत की सभ्यता सब की पढ़ाई सरस्वती विद्या मंदिर में होती है। शिक्षा के साथ शिवाजी महारानी लक्ष्मी बाई तथा अब्दुल कलाम की तरह निडर साहसी बनने का प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। वार्षिकोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम में नन्हे नन्हे भोले भाले शिशु मंदिर नृत्य, विद्या मंदिर के बहनो द्वारा योगा, वाटिका नृत्य चिड़ियाघर, शास्त्रीय नृत्य, एकांकी वृद्धाश्रम, भाव नृत्य घूमर घूमर, महाभारत, लोक नृत्य, संस्कृति संगीत सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव पर नाटक शिशु मंदिर के भैया द्वारा साहसी कार्यक्रम, रामायण कथा, एकांकी शकुंतला देवी, बहनों द्वारा वंदे मातरम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक राजकिशोर प्रसाद विशिष्ट अतिथि द्वारा उद्बोधन किया गया नप 2020 आचार्य मणिकांत त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत किया गया इस मौके पर नगर उपमेयर गायत्री देवी, संघ संरक्षक बसंत राव भुसारी, सरस्वती विद्या मंदिर बरवत सेना के प्राचार्य विनोद कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका गण भैया बहन वह उनके माता–पिता अभिभावक गण मौजूद थे और विद्यालय द्वारा आयोजित की गई वार्षिकोत्सव की सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष पूर्णिमा वाला श्रीवास्तव ने की।

काश बिहार के मुखिया बार–बार आते

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज
बेतिया जहां आज बिहार के मुखिया नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान चंपारण की धरती पर विकास कार्यों का जायजा लेने आ रहे हैं और आम जनता से रूबरू भी होंगे वही उनके आगमन पर जहां सड़कों पर कल तक गड्ढे थे उसे बराबर कर दिया गया नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर विभाग द्वारा अपनी अपनी विभागों की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ उसके अंतर्गत आने वाली हर योजना को चुस्त दुरुस्त किया जा रहा है वही सभी सरकारी भवनों का रंगन पोतन कर उन्हें नए तरीके से चमकाया जा रहा है ऐसा मालूम पड़ रहा है कि चंपारण में विकास की गति तेज रफ्तार में चल पड़ी है वहीं पुलिस महकमे में भी पूरी तरह सक्रियता दिखाई पड़ रही है सबसे बड़ी बात कि उनकी इस यात्रा के दौरान जनता से जुड़ी हुई शिकायत या फाइल पूरी तरह पदाधिकारी की टेबल पर शोभा बढ़ा रही है सभी आला अधिकारी बिहार के मुखिया की स्वागत में लगे हैं ताकि उनको लगें कि सरकारी योजनाएं सब प्रतिशत धरातल पर खरी है वहीं इस बात कि जानकारी लेने आम जनता से पुछने पर जहां आईं टी आई कालोनी कि रहने वाली सगिता देवी का कहना है कि उन्हें पाटीदार 2 दिसंबर को जहां उनके गेट का ताला तोड़कर कर उन्हें तथा उनकी वारह वर्ष के मासुम पुत्री को बेहरमी से पिटा इस बात कि शिकायत स्थानीय मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया परन्तु धटना के बिस दिन बाद भी प्राथमिक दर्ज नहीं की गई इस बात को लेकर बेतिया एसपी,डिआई जी सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पास भी आवेदन दिया और सभी ने स्थानीय थाने को इस पर करवाही का आदेश दिया परन्तु थाना प्रभारी द्वारा उलटे विरोधियों से मिलकर सारे आदेश कि धज्जियां उडा दिया वही शिमा राय का कहना है कि उन्हें धर में विगत एक माह भिषण चोरी हुआ लेकिन थाना प्रभारी द्वारा अभी तक चोरी का उद्भेदन नहीं किया जा सका क्या यही सुशासन व्यवस्था है तो एक और नगर वार्ड 31 जयप्रकाश नगर के निवासी सह भाजपा नेता किशन श्रीवास्तव ने बताया कि बेतिया डोल वाग वगिचे को पार्क बनाने का प्रस्ताव विगत कई सालों से पास हैं परंतु यह आदेश भी फाइलों में धुल फांक रहा है तो एक और नौतन प्रखंड के गहरी कोठी निवासी रामु पटेल,रमेश कुमार आदि का कहना था कि उनके याहा जगदिशपुर से गहरी कोठी हाई स्कूल होते हुए त्रिभुवान धाट में मिलने वाली नहर में आज बिस बरसों से पानी नहीं आ रहा और खेतों कि सिंचाई के लिए किसान निजी पप्पी सेंट का उपयोग कर रहे हैं परंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और मुख्यमंत्री जहां इस और आते या गोपनिय तरिके से जांच कराते तो कई समस्याएं नजर आ जाती फिर भी विहार के मुखिया के आने से यह व्यवस्था बराबर दिखती तो जनता कितना खुश होती यह अपने आप में एक सवाल है ।

मोतिहारी: प्रॉपर्टी डीलर विवेक ठाकुर हत्याकांड के मुख्य आरोपी पर एसपी ने 25000 हजार का ईनाम किया घोषित

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
मोतिहारी: प्रॉपर्टी डीलर विवेक ठाकुर हत्या कांड के मुख्य अभ्युक्त झुना सिंह उर्फ मोहित पर एसपी ने 25 हजार इनाम का किया घोषणा....पेट्रोल के बहाने बुलाकर विवेक को लक्ष्मीपुर गदरिया ले जाकर किया गया हत्या..हरसिद्धि के मुरारपुर के संजय सिंह का पुत्र है झुना। मृतक के परिवार के आवेदन पर झुन्ना सिंह और अन्य अज्ञात पर पुलिस ने दर्ज किया प्राथमिकी विवेक सिंह और झुन्ना सिंह साथ काम करते थे, कुछ दिनों से पैसे के लेन देन को लेकर विवाद चल रहा था। झुन्ना सिंह के अकाउंट को रक्ळ ने खंगाला, करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन के सबूत मिले है।झुन्ना सिंह ने पैसे हथियाने हेतु विवेक सिंह को रास्ते से हटाने के लिए एक सहयोगी का सहारा लिया।पेट्रोल के बहाने विवेक को बुलाया और विवेक के ही साथ बाइक पर बैठ कर दूर रखे अपने बाइक में तेल डालने के बहाने घटनास्थल तक लेकर गया। घटनास्थल पर पूर्व से पल्सर गाड़ी के साथ खड़े सहयोगी के साथ गोली मारकर विवेक की हत्या कर दी। गोली मारने के बाद सहयोगी के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया।घटनास्थल से झुन्ना सिंह का हेलमेट भी ने बरामद किया गया है। उउळश फुटेज और तकनीकी विश्लेषण से सारी चीजें स्पष्ट होती है। झुन्ना सिंह की गिरफ्तारी के बाद षड्यंत्र में और भी शामिल लोगों का खुलेगा राज।

मोतिहारी : 25 दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई गयी बैट्री चालित ट्राईसाईकिल

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
मोतिहारी: दिनांक 21 दिसम्बर 2024 को मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना के अंतर्गत 25 दिव्यांगजनों को बैट्री से चलने वाली ट्राईसाईकिल हेलमेट के साथ सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग सह सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मोतिहारी द्वारा बुनियाद केन्द्र सदर मोतिहारी से प्रदान की गयी। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के लाभुक शामिल हुए , जिन्हें हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। उक्त की कुल लागत 15,00,000 रुपये है। ज्ञात हो कि इस योजना अंतर्गत पूर्वी चम्पारण जिला द्वारा अभी तक 890 बैट्री चालित ट्राइसाइकिल की स्वीकृति जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा दी जा चुकी है। उक्त में से वर्ष 2022–23 में 353 , वर्ष 2023–24 में 228 तथा वर्ष 2024–25 में अब तक 310 बैट्री चालित ट्राइसाइकिल की स्वीकृति दी जा चुकी है। सभी बैट्री चालित ट्राइसाइकिल का वितरण चरणबद्ध तरीके से जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पूर्वी चम्पारण के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर तवरेज शम्स, शिव कुमार शर्मा,समेत बुनियाद केन्द्र एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के कर्मीगण उपस्थित थे। सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त के तहत विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारकर दिव्यांगजनों के राह को आसान किया जा रहा है।सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के तहत बैट्री चालित ट्राईसाईकिल उपलब्ध करायी जा रही है। बैट्री चालित ट्राईसाईकिल के प्राप्त हो जाने से दिव्यांगजनों को रोजगार या शिक्षा ग्रहण करने में आसानी हो जाएगी तथा अपने कार्यस्थल/ महाविद्यालय तक आसानी से पहुँच सकेंगे। इच्छुक दिव्यांगजन आनलाईन आवेदन कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना का लाभ पात्रता पूर्ण करने वाले आवेदनो में पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर दिया जा रहा है। इस वेबसाईट पर आवेदन ह ेत ु प ा त्र ा त ा https://online.bih.nic.in/SWF/SWFTC/Register.aspx उपरोक्त लिंक पर अपना आवेदन आनलाईन कर सकते है। यह योजना ऐसे छात्र– छात्रा या रोजगार कर रहे 18 वर्ष से अधिक उम्र के 60%से अधिक चलंत दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए है जिनके महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/रोजगार स्थल की दूरी 3 कि0मी0 या अधिक हो। इसके अतिरिक्त आय की सीमा चालू सत्र के लिए 2 लाख रूपये तक रखी गयी है। आवेदक बिहार का स्थायी निवासी होना जरूरी है तथा वर्तमान में भी बिहार में आवासित हो।

परीक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों में दिखा उत्साह। प्रश्न पत्र मिलते बच्चों के खिले चेहरे।कुल 550 बच्चे रहे उपस्थित।

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में आज अनुमंडल स्तरीय मेधा मूल्यांकन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आठवीं बार आयोजन बाबा भूतनाथ महाविद्यालय के परीक्षा भवन में आयोजित हुआ । आसान प्रश्नों को देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।बच्चों में काफी उत्साह का माहौल दिखा। बच्चों की स्टिंग प्लानिंग इस प्रकार की गई थी कि एक विद्यालय के बच्चे न तो एक पास बैठ सके और न तो एक ही प्रश्न श्रृंखला ही बच्चों मिला । फलस्वरुप परीक्षा बिल्कुल शांति माहौल में संपन्न हुआ । आठ कमरों में आयोजित होने वाली परीक्षा में कल 36 परीक्षक लगाए गए थे ।यानी प्रत्येक कमरे में चार से पांच परीक्षक मौजूद थे। फल स्वरुप बच्चे बिल्कुल शांतिपूर्वक परीक्षा दे सके। परीक्षा के मुख्य संचालक सह नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने बताया कि 10:00 बजे बच्चों को परीक्षा भवन में जाने दिया गया। एडमिट कार्ड और एग्जामिनेशन पैड के साथ बच्चे परीक्षा भवन में प्रवेश किए । उनके अटेंडेंस बनवाए गए । उसके बाद ओएमआर शीट दी गई ।तदुपरांत 11:20 पर उन्हें प्रश्न पत्र दिया गया और 1:00 बजे प्रश्न आंसर शीट को जमा कर लिया गया। बच्चों को नाश्ते के रूप में इमरती दी गई। बच्चे बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि इस बात से बहुत खुशी है कि अब बच्चों के साथ–साथ अभिभावक भी परीक्षा में सक्रिय भूमिका दिखा रहे हैं ।उपस्थित परीक्षा निरीक्षकों में गिरींद्र पांडेय, हरेंद्र कुमार गुप्ता ,शशिकांत पाठक सिकंदर गुप्ता ,मनोज मिश्र, विनय मिश्र टुनटुन, गुप्ता चंचल गुप्ता, लालचंद गुप्ता, कुमारी आसानी, कुमारी आयुषी , पलक रागिनी, खुशी ,अंकित ,वाजिद अली, समीर गुप्ता जैसे दो दर्जन से ज्यादा लोग परीक्षा केन्द्रों पर डटे रहे। विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में सबको नाश्ता मुहैया कराई गई ।इसमें सूरज प्रतीक कुमार, राहुल कुमार का बेहतर सहयोग रहा ।मौके पर केंद्राधीक्षक के रूप में नैतिक जागरण मंच के अरुण कुमार सिंह अरविंद सिंह ,शशि पांडेय विद्यावती मिश्र, जयकुमार श्रीवास्तव माधवेंद्र पांडेय जयप्रकाश वर्मा मौजूद रहे। परीक्षा नियंत्रण के रूप में आर के पाठक ,रविकेश तिवारी ,धनेश कुमार, कुमकुम कुमारी, प्रियंका देवी शबनम परवीन ने अपना योगदान सुनिश्चित किए।

बीडीओ ने बेलसंडी पंचायत के गम्हरिया गांव में डब्लूपीयू भवन का किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा / प्रखंड लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बीडीओ शिवजन्म राम द्वारा डब्लूपीयू भवन का उद्घाटन शनिवार को बेलसंडी पंचायत के गम्हरिया गांव में फीता काटकर की गई। मौके पर उपस्थित सभी स्वच्छताकर्मी व स्वच्छता मित्रों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि गांव सहित पंचायत स्वच्छ होगा तभी गांव के लोग स्वस्थ होंगे। गांव में फैली गंदगी ही कई तरह की बीमारियों को निमंत्रण देता है। यही कारण है की डोर टू डोर कचरा का उठाव करने हेतु स्वच्छता कर्मियों की नियुक्ति कर कचरे का उठाव कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे पंचायत को स्वच्छ रखने हेतु स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ किया गया है। मुखिया शंभू राउत, उप मुखिया छोटे खां द्वारा बीडीओ शिवजन्म राम और पूर्व मुखिया आमिर हाशमी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह का संचालन प्रखंड स्वच्छता कर्मी बुद्धेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू ने की। अपने संबोधन में बुद्धेश्वर प्रसाद ने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का यह दूसरा चरण है। कचरा उठाव हेतु बीडीओ, मुखिया व पूर्व मुखिया द्वारा हरे और नीले डब्बे का वितरण ग्रामीणों के बीच की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि रहे गणमान्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता कर्मियों की ई–रिक्शा व रिक्शा को रवाना किया। बीडीओ शिवजन्म राम ने गरीब व असहाय 8 वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया। पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक जयप्रकाश पासवान, सरपंच अमरजीत राम, पंचायत सचिव नंदलाल कुमार, कार्यपालक सहायक गोपाल कुमार पासवान ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस मौके पर वार्ड सदस्य रंजन कुमार, एकबाल पासवान, अनीता देवी, उमेश कुमार, उमेश राउत,अरफीना खातून, सोनी देवी, नंदलाल कुमार आदि उपस्थित थे।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा पर कांग्रेस अध्यक्ष ने साधा निशान

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
बगहा नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा पर बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह नें निशाना साधा है। वाल्मीकिनगर के दौनाहा में आयोजित जन सभा और कार्यकर्त्ता सम्मलेन में सुरेंद्र कुशवाहा द्वारा चांदी का मुकुट पहनते हीं बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह नें कहा है की नीतीश ज़ी अचानक बीमार पड़ रहें हैं, क्योंकि वें बीजेपी के साथ सफोकेट महसूस क़र रहें हैं। बीजेपी नीतीश कुमार को कठपुतली बनाना चाहती है। हमलोग भी जानना चाहते हैं की क्यों बार बार सीएम नीतीश बीमार पड़ रहें हैं। वहीं बीजेपी पर वक्फ बोर्ड की सम्पति हड़पनें की बात कहते हुए अखिलेश सिंह नें कहा की कांग्रेस पार्टी वक्फ बोर्ड की सम्पति बचाने का काम करेगी, कांग्रेस के लोकसभा व राज्यसभा में विरोध आंदोलन की देन है की बीजेपी के पसीने छूट रहें हैं क्योंकि वें लोग वक्फ की सम्पति हड़पना चाहते हैं । उधर उतर प्रदेश की योगी सरकार पर बुलडोजर चलाने को लेकर कड़ा प्रहार करते हुए कांग्रेस को संविधान के मुताबिक चलनें वाली पार्टी और सरकार बताया गया । बता दें की उतर प्रदेश सीमा पर स्थित बिहार के वाल्मीकिनगर में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह पार्टी कार्यकर्त्ता सम्मलेन में भाग लेने पहुँचे थे जहाँ उन्होंने इशारों में सुरेंद्र कुशवाहा को 2025 विधानसभा चुनाव में संभावित उम्मीदवार बताते हुए महात्मा गाँधी की कर्मभूमि चम्पारण की धरती से सता परिवर्तन होने का शंखनाद किया। इस दौरान उनके समक्ष ज़िलें के तमाम हिस्सों से आये सैकड़ों लोगों नें कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया । जनसभा में हजारों की भीड़ उमड़ी क्योंकि लम्बे समय बाद चम्पारण में कांग्रेस का झंडा हर चौक चौराहा समेत इलाके में देखा गया ।

कोल्हुआ चौतरवा कृषि साख सहयोग समिति गोदामं ऋय केन्द्र का केन्द्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
रविवार के दिन प्रखंड बगहा एक के कोल्हूआ चौतरवा पंचायत के पकड़ी गांव में प्राथमिक की कृषि साख सहयोग समिति धान अधिप्राप्ति पैक्स गोदाम में ऋय केंद्र का उद्घाटन किया गया । उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि किसानो की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में धान अधिप्राप्ति ऋय केन्द्र सरकार की अद्भुत कदम है। जिससे किसानों की उम्मीदें जुडी हैं। उक्त बातें केन्द्रीय मंत्री सतिशचंद दुबे ने कहीं। पंचायत के पकडी गांव में प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति धान अधिप्राप्ति पैक्स गोदाम में ऋय केन्द्र का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने किसानों की उत्थान और कृषि विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।उन्होंने कहा कि पैक्स किसानों के लिए ऋण, बीज, और खाद जैसी सुविधाएं प्रदान करने के साथ – साथ सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीद को भी प्राथमिकता देगा। बगहा विधायक राम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य और समय पर भुगतान मिलें। धान खरीद की प्रक्रिया को पुरी तरह पारदर्शी और सुगम बनाया जायेगा, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़े। भाजपा के जिलाध्यक्ष बगहा भूपेन्द्र नाथ तिवारी ने कृषि क्षेत्र में सुधार के साथ – साथ ग्रामीण विकास के अन्य मुद्दों पर ध्यान रहने की बात पैक्स अध्यक्षों से कहीं। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि पैक्स हर संभव सहायता के लिए तत्पर रहेगा। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि पैक्स क्षेत्रीय कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने नये नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सक्रियता और पारदर्शिता क्षेत्र के किसानों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में किसानों ने भी नए पैक्स अध्यक्ष और सदस्यों से अपनी उम्मीदें व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पैक्स से धान खरीद में पारदर्शिता और समय पर भुगतान से उन्हें राहत मिलेगी। कोल्हुआ चौतरवा पैक्स कृषि विकास और किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक साकारात्मक कदम माना जा रहा है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने सभी पैक्स अध्यक्षों एवं नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को फुल माला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने की। संचालन भाजपा के युवा नेता प्रवीण श्रीवास्तव ने किया।

संक्षिप्त खबरें ।

जदयू नेता के घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर उड़ा ले गए,प्राथमिकी दर्ज

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। थाना क्षेत्र के अर्चना होटल के पीछे नवविकसित आरती नगर नामक मोहल्ले से जदयू नेता के घर के बाहर खड़ी एक बाइक को अज्ञात चोर उड़ा ले गए।पीड़ित जदयू के प्रखण्ड कार्यकारणी सदस्य अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वे प्रतिदिन की भांति अपनी बाइक होंडा शाइन संख्या बीआर27सी7725 को घर के बाहर ओटे पर लगाया।किन्तु जब सुबह जागा तो बाइक अपने जगह पर नहीं लगा हुआ था।इस दौरान घर के आसपास बाइक को लेकर काफी खोजबीन किया, लेकिन बाइक का कुछ भी अतापता नहीं चल सका। पीड़ित जदयू नेता ने बताया कि मेरे बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है।साथ ही कहा कि उनके घर में कम स्थान होने के कारण वे प्रतिदिन अपने ग्रे कलर के होंडा शाइन बाइक को घर के बाहर सीढ़ी के समीप ओटे पर लगाकर रखा करते थे।चोरी गए बाइक को लेकर पीड़ित द्वारा थाने में लिखित आवेदन देकर बाइक के बरामदगी को लेकर गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बाइक चोरी को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी है।

सिरदला– लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत डब्लूपीयू भवन का हुआ शुभारंभ

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
सिरदला प्रखंड के सांढ़ मंझगावां पंचायत के लक्ष्मीबीघा गांव में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ग्रामीणों का हर घर कचरा उठाओ को लेकर डब्लूपीयू भवन का शुभारंभ रविवार को पंचायत मुखिया उषा कुमारी के द्वारा किया गया। मौके पर पंचायत सचिव पप्पू कुमार, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश यादव, पर्यवेक्षक अविनाश कुमार, समेत पंचायत के ई–रिक्शा कर्मी व चालक, सफाई कर्मी समेत सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

राजद नेता राजीव रंजन ने राजद सुप्रीमो लालू यादव का जगदीशपुर में भव्य स्वागत किया

जगदीशपुर/भोजपुर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रोहतास जिले के दावथ के बभनौल गांव जाने के क्रम में केशरी गांव के पास राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भईया ने सैकड़ों समर्थकों के साथ राजद सुप्रीमो का स्वागत किया। राजीव रंजन ने फूलमाला व अंगवस्त्र देकर आशीर्वाद लिया। राजीव रंजन ने बताया कि माननीय लालू जी का सिपाही बनकर जनता की सेवा करना ही मेरा उद्देश्य है। आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी प्रसाद यादव जी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए मेरे द्वारा लगातार जनसंपर्क कार्य किया जा रहा है। लालू यादव के आगमन को लेकर पूरे इलाके में गहमा–गहमी का माहौल था।लालू यादव के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी। खासकर उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने उन्हें अपने घेरे में रखा और कार्यकर्ताओं से दूरी बनाए रखने की अपील की। इसके बावजूद, उत्साहित कार्यकर्ताओं ने लालू यादव का स्वागत किया और उन्होंने हाथ हिला कर उनका अभिवादन किया।मौके पर मौजूद रहे विनोद यादव ,विजय यादव , मुन्ना यादव राजू यादव,उमेश यादव, नीतीश कुमार, रितिक रोशन समेत अन्य लोग उपस्थित

वकील को नारदीगंज थाने में दौड़ा –दौड़कर मारपीट मामले में दो एसआई हुए सस्पेंड

सुनील कुमार
नवादा : नवादा में पटना उच्च न्यायालय के एक वकील के साथ थाना परिसर में पुलिसकर्मियों द्वारा सपरिवार से मारपीट करने और दुर्व्यवहार करने का मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी अभिनव धीमान ने दो पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की है। एसपी अभिनव धीमान ने नारदीगंज थाना में तैनात दो एसआई नंद लाल यादव और एसआई गौतम कुमार को सस्पेंड कर दिया है। पटना उच्च न्यायालय के वकील विपिन सिंह ने नारदीगंज थाना में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के लिए रुपये की मांग और सपरिवार के साथ थाना परिसर में दौड़ा–दौड़ा कर बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया था, जिसका वीडियो पीड़ित परिवार के लोगों ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर दोषी पुलिसकर्मियों पर एसपी अभिनव धीमान से कार्रवाई की मांग की थी।पीड़ित वकील विपिन सिंह का आरोप है कि नारदीगंज थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने न सिर्फ उनके और उनके परिवार के साथ बदसलूकी की बल्कि उन्हें थाना परिसर में दौड़ा–दौड़ा कर बेरहमी से पीटा भी गया। पीड़ित वकील विपिन सिंह का कहना है कि पुलिस रपट दर्ज करने के रुपये खोजती है, जिसका विरोध करने पर पुलिसकर्मी द्वारा बर्बरता की जाती है।

खनन माफिया हुए बेखौफ,वनकर्मियों पर हमला कर छुड़ा ले गए माइका लदा टेम्पो दो टेम्पो एवं चार बाइक पर लदे 3.5 क्विंटल माइका जब्त,6 लोग गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

अवैध खनन में जुटे 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के इलाके में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर रविवार की अहले सुबह वनकर्मियों एवं पुलिस बलों के संयुक्त कार्रवाई में तीन टेम्पो एवं चार बाइकों पर लदे माइका को जब्त किया गया।साथ ही अवैध खनन में जुटे 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं कार्रवाई के बाद लौट रहे वनकर्मियों की टीम पर नीरू पहाड़ी के समीप माइका माफियाओं के द्वारा बीच रास्ते में हमला कर दिया गया और माइका लदे एक टेम्पो को जबरन छुड़ा ले गए। वहीं इस घटना में कुल पांच वनकर्मी घायल हो गए,जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। क्या है मामला – रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि रविवार की देर रात्रि सवैयाटांड़ पंचायत के सपही एवं बसरौन में अवैध खनन कर माइका के परिवहन की गुप्त सूचना मिली।गुप्त सूचना के सत्यापन के बाद डीएफओ श्रेष्ठ कुमार कृष्ण के निर्देश पर फोरेस्टर रवि रंजन कुमार व धनंजय कुमार के अलावे अन्य वनकर्मियों के अलावे रजौली थाना से पीएसआई रौशन कुमार के साथ सशस्त्र पुलिस के सहयोग से सोमवार की सुबह 4:30 बजे तीन टेम्पो एवं चार बाइकों पर लदे माइका के साथ 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया।वन विभाग के कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं द्वारा हमले का प्लानिंग की सूचना मिलने के बाद गिरफ्तार लोगों एवं जब्त वाहनों को लेकर जंगली रास्तों से न लेजाकर कोडरमा के नीरू पहाड़ी के तरफ से जाने का फैसला लिया गया।इसी क्रम में नीरू पहाड़ी के समीप वनकर्मियों की टीम पर माफियाओं द्वारा हमला कर जब्त टेम्पो व बाइक के अलावे गिरफ्तार लोगों को छुड़ाने के उद्देश्य से हमला कर दिया गया।इस दौरान जब्त तीन टेम्पो में से एक टेम्पो को जबरन वनकर्मी समेत जंगल की ओर ले भागे। किन्तु पुलिस की सूझबूझ के कारण वनकर्मी के मोबाइल के टावर लोकेशन के आधार पर वन विभाग के चालक मुन्ना कुमार को जंगल से घायल अवस्था मे बरामद किया गया। इस हमले में वन विभाग के चालक समेत पांच वनकर्मी घायल हो गए।उन्होंने कहा कि माइका का अवैध खनन को लेकर वन विभाग द्वारा तीन टेम्पो एवं चार बाइकों को जब्त किया गया था,जिसमें एक टेम्पो को माफिया हमला कर छुड़ा ले गए।वहीं दो टेम्पो एवं चार जेएच12एफ1108,जेएच12एच4962 व जेएच12ई2710 पर लदे लगभग 3.5 क्विंटल माइका को जब्त कर वन परिसर लाया गया है।वहीं गिरफ्तार 6 लोगों में कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के शिव सागर गांव निवासी महेश कुमार मेहता के पुत्र मनोरंजन कुमार मेहता व आर्गत मेहता के पुत्र राजित मेहता,तिनतारा गांव निवासी बासुदेव साह के पुत्र तुलसी साह,भेलवा टांड़ गांव निवासी कृष्णलाल मोदी के पुत्र संजय मोदी,मधुवन गांव निवासी महरु यादव के पुत्र राजेन्द्र यादव एवं सिजुआ गांव निवासी बाबूलाल यादव के पुत्र राजेंद्र यादव शामिल है।रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि जब्त माइका एवं वाहनों के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।साथ ही बताया कि गिरफ्तार लोगों से जरूरी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

कौन बनेगा करोड़पति में भाग लेने के लिए मुखिया सुषुमलता मुंबई रवाना

लोक तंत्र की आवाज
जगदीशपुर। प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत दावां की मुखिया सुषुम्लता कुशवाहा ने यशस्वी मुखिया और विकास के सारथी के रूप में मुंबई के फिल्मी सिटी में प्रसिद्ध कार्यक्रम ₹कौन बनेगा करोड़पति₹ में भाग लेने का अवसर प्राप्त किया है। बुधवारको दावां गांव में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के अधिकारियों की उपस्थिति में सुषुम्लता कुशवाहा को ढोल–नगाड़ों के बीच तिलक, फूल–माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद, वह पटना एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान की और वहां से मुंबई के लिए दोपहर 3:00 बजे फ्लाइट से रवाना हुईं। मुंबई जाने से पहले, मुखिया सुषुमलता ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें भाग लेने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 6 महीने पहले शुरू हुआ था, जिसमें पूरे बिहार को 4 जोन में बांटा गया था। इसके बाद, पंचायत के विकास और मेरे द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए, 4 जोन में से 20 लोगों को चयनित किया गया था। उसके बाद अल्ट्राटेक सीमेंट की ओर से 20 लोगों में से मुझे इकलौता चयन कर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया। उन्होंने बताया कि मुंबई में 20 दिसंबर को फिल्म सिटी में उनका शूटिंग होगा। इसके बाद, वह कार्यक्रम में आगे भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने 2016 से राजनीति में कदम रखा और पहली बार मुखिया बनीं। इसके बाद, उन्हें 2020 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू का उम्मीदवार बनाकर विधानसभा चुनाव लड़ने का मौका दिया। उन्होंने बताया कि उनके पंचायत के विकास और महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों को देखते हुए, अल्ट्राटेक ने उन्हें कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना है। उन्होंने अल्ट्राटेक को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके पति मनजी चौधरी का भी उनके कार्यों में भरपूर सहयोग रहता है।उल्लेखनीय है कि मुखिया सुषुमलता को पंचायती राज विभाग की ओर से कई अवार्ड से नवाजा गया है। उनके पंचायत में किए गए कार्यों की चर्चा राज्य से लेकर केंद्र तक गूंजती है, जो उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाता है। इससे पहले मुंबई रवाना होने से पहले मुखिया सुषुम्लता भावुक हो गईं और कहा कि यह सफलता केवल मेरी नहीं, बल्कि सभी लोगों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज मैं इस मुकाम पर पहुंची हूं, यह सभी की मेहनत और समर्थन के कारण ही संभव हो पाया है।

त्रिवेणीगंज में दुकानदार को कनपटी पर देसी कट्टा सटाकर छीने 25 हजार, थाना प्रभारी ने कहा अपराधी बख्शे नहीं जाएंग

`लोक तंत्र की आवाज

सुपौल। जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में शनिवार रात लूटपाट की घटना सामने आई है त्रिवेणीगंज मेला ग्राउंड के पास के दुकानदार विनोद कुमार के अनुसार रात करीब 8:25 बजे दुकान बंद कर वह घर जा रहे थे जैसे ही बंसी चौक से लगभग 100 मीटर की दूरी पर पीसीसी न्यू रेलवे लाइन के पास पहुंचे तीन अपराधियों ने उन्हें रोका अपराधी बिना नंबर के पल्सर 220 मोटरसाइकिल पर सवार थे, इसमें एक ने कनपटी पर लोडोड देशी देसी कट्टा सटा दिया और 25,000 कैस रियलमी कंपनी का मोबाईल छीन लाया,जाते जाते धमकी अपराधियों ने धमकी दी कि यदि घटना के बारे किसी को बताया तो जान से मार देंगे, दुकानदार बिनोद कुमार यह भी बताया कि धटना के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हाथापाई और गाली–गलौच भी हुआ, उसके बाद हमने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे आसपास के ग्रामीण जमा हुए, ग्रामीणों का हाथी देख अपराधी भागने लगे, भगाने के दौरान अपराधी वो अपना देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मौके से छोड़ गए, इस बाबत त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष रामसेवक रावत ने बताया कि दुकानदार विनोद कुमार के द्वारा एक देसी कट्टा हुआ एक जिंदा कारतूस और आवेदन थाना में दिया है घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया जा रहा है पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा ,अपराधी किसी भी शुरत में बख्शा नहीं जाएगा।

डायट रामबाग, मुजफ्फरपुर के द्वारा निर्मित डिजिटल कोर्स ₹प्रारंभिक पठन 1₹ दीक्षा ऐप पर हुआ लॉन्च

लोक तंत्र की आवाज

मुजफ्फरपुर । जिला शैक्षणिक सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रामबाग मुजफ्फरपुर के द्वारा वर्ग 1 से 5 के बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए डिजिटल कोर्स प्रारंभिक पठन– 1 का शुभारंभ शनिवार को दीक्षा एप पर संस्थान की प्रभारी प्राचार्य अनामिका कुमारी, संस्थान की वरीय व्याख्याता डॉ. सरिता शर्मा, व्याख्याता डॉ. मीरा कुमारी, दिपिंती कुमारी, रोली, सुजीत कुमार, डॉ. निर्मल कुमार, राकेश सिन्हा एवं जिला तकनीकी दल के सदस्य केशव कुमार एवं पप्पू कुमार पंकज ने संयुक्त रूप से किया। डायट रामबाग, मुजफ्फरपुर की प्रभारी प्राचार्य अनामिका कुमारी ने कहा कि डिजिटल कोर्स प्रारंभिक पठन 1 मुजफ्फरपुर जिले की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दीक्षा टीम के सदस्य व्याख्याता सह कोर्स क्रिएटर सुजीत कुमार, व्याख्याता सह कोर्स रिव्यूवर दिपिंती कुमारी, व्याख्याता सह कोर्स मेंटर मीरा कुमारी, इ कंटेंट निर्माण में जिले के मुरौल प्रखण्ड स्थित बुनियादी विद्यालय के शिक्षक केशव कुमार, प्राथमिक विद्यालय धर्मागतपुर की शिक्षिका अंजली कुमारी, मोतीपुर प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय थतिया के शिक्षक पप्पू कुमार पंकज, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरियारपुर की शिक्षिका निवेदिता रानी, बंदरा प्रखण्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर के शिक्षक नवीन कुमार, ह्यूमना पीपल टू पीपल के जिला समन्वयक धीरज कुमार शर्मा एवं आईपीईएल के जिला प्रतिनिधि राहेला प्रवीन का सराहनीय योगदान रहा है। जिला तकनीकी दल के सदस्य मुरौल प्रखंड स्थित बुनियादी विद्यालय बखरी के शिक्षक केशव कुमार ने कहा कि दीक्षा एप पर लॉन्च प्रारंभिक पठन 1 डिजिटल कोर्स के माध्यम से प्राथमिक कक्षा के बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक एवं शिक्षिका वर्ण की पहचान, मात्राओं की समझ एवं शब्द निर्माण की बारीकियों को बेहतर ढंग से समझ पायेंगे। इस डिजिटल कोर्स को दीक्षा ऐप पर जिले के शिक्षक एवं शिक्षिका 15 जनवरी तक पूर्ण करना अनिवार्य है। जिला तकनीकी दल के सदस्य मोतीपुर प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय थतिया के शिक्षक पप्पू कुमार पंकज ने कहा कि इस कोर्स को अधिकतम तीन प्रयास में 70 प्रतिशत अंकों के साथ पूर्ण करने के उपरांत ही शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को डायट रामबाग मुजफ्फरपुर की प्रभारी प्राचार्य अनामिका कुमारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी मुजफ्फरपुर अजय कुमार सिंह के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र दीक्षा एप पर दिया जाएगा। दीक्षा ऐप पर इस डिजिटल कोर्स प्रारंभिक पठन 1 को पूर्ण करने में यदि जिले के किसी भी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को यदि किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न होगी तो वे सर्वप्रथम अपने–अपने प्रखंड के प्रखंड तकनीकी दल के सदस्यों से एवं विशेष परिस्थिति में जिला तकनीकी दल के सदस्य केशव कुमार के व्हाट्सएप नंबर 8969900475 एवं पप्पू कुमार पंकज के व्हाट्सएप नंबर 8709472011 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

मगही के तीन शीर्षस्थ कवियों को मिलेगा मगही मुरेठा सम्मान जयराम सिंह के पूण्यस्मृति माह पर 29 दिसंबर को होगा कवियों का जुटान

लोकतंत्र की आवाज

नवादा । प्रगतिशील लेखक संघ नवादा के साहित्यकारों की एक आवश्यक बैठक में प्रलेस के वार्षिक गतिविधियों के साथ प्रादेशिक भाषाओं के संरक्षण और संवर्द्धन पर विचार विमर्श किया गया । खास कर मगही भाषा आंदोलन को धार देने और रचनाधर्मिता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया । बैठक की अध्यक्षता शिक्षाविद् अवधेश कुमार ने की और मगही के न्यूनतम तीन शीर्ष रचनाकारों को नवादा प्रलेस की ओर से सम्मानित करने का प्रस्ताव दिया । प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए जिला सचिव अशोक समदर्शी ने घोषणा की कि इस वर्ष तीन मगही के शीर्षस्थ कवियों को मगही मुरेठा सम्मान से सम्मानित किया जायगा । इस संदर्भ में तत्काल सात सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह , सचिव अशोक समदर्शी , कार्यकारी अध्यक्ष शंभु विश्वकर्मा के अलावे शिक्षाविद् रामरूप प्रसाद यादव , अवधेश कुमार , डॉ मिथलेश कुमार सिन्हा और व्यंग्यकार उदय भारती को सदस्य बनाया गया । चयन समिति ने सर्वसम्मति से मगही मुरेठा सम्मान 2024 के लिए रधिया खण्ड काव्य के रचयिता कथाकार मिथिलेश , परवतिया खण्डकाव्य के रचयिता जयप्रकाश और तीत मीठ गजल सेंगरन के रचयिता कवि दीनबन्धु के नाम का प्रस्ताव दिया जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मगही कोकिल जयराम सिंह के पूण्य स्मृति माह के अवसर पर 29 दिसंबर 2024 को मगही मुरेठा सम्मान समारोह सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायगा । कार्यक्रम की तैयारी हेतु चयन समिति को ही तैयारी समिति का दायित्व शौंप दिया गया । अंत में रामरूप प्रसाद यादव ने जयराम सिंह का श्रम गीत गाकर शमां बाँध दी । चलते चलते खबर मिली कि महान गीतकार और हिंदी मगही के शिल्पकार कन्हैयालाल मेहरवार का आकस्मिक निधन हो गया । उपस्थित साहित्यकारों ने दो मिनट का मौन रखकर नम आँखों से उनके पूण्य स्मृति को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की । बैठक में चयन समिति सदस्यों के अलावे सेवानिवृत शिक्षक रामबालक प्रसाद सिंह , रामवरण प्रसाद , बृजनंदन प्रसाद , भरत लाल , कृष्णा सिंह , रामबिलास प्रसाद , नागेश्वर प्रसाद सिन्हा , शशिभूषण शर्मा , डॉ मदन कुमार आदि उपस्थित थे ।

नवादा में खूब चले तलवार और लाठी –डंडे, दो सगे भाइयों पर हुआ जानलेवा हमला

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
नवादा । नवादा में दबंगों ने दो भाइयों पर तलवार और लाठी –डंडे से जानलेवा हमला कर जख्मी कर दिया है। दबंगों ने दो सगे भाइयों के दोनों पैर और हाथ तोड़ दिए हैं और दोनों भाइयों को अधमरा कर बीच सड़क पर छोड़कर भाग निकला।घटना की जानकारी मिलते हीं डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ बीच सड़क पर पड़े दो भाइयों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। जिसके बाद अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर दोनों भाइयों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बेहतर इलाज के लिए दोनों भाइयों का उचित उपचार कर पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। यह पूरी घटना जिले के थाली थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव की है। दबंगों के हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दोनों सहोदर भाई थाली थाना क्षेत्र के परमेश्वर यादव के पुत्र कुलदीप यादव और भरत यादव बताए जाते हैं। दबंगों ने कुलदीप यादव के दोनों पैर और हाथ को तोड़ दिया है और दोनो हाथ की अंगुली तोड़ दी है। इनके शरीर में 100 टांके लगे हैं। दबंगों ने भरत यादव का दोनों पैर तोड़ दिया है और बाएं हाथ को भी तोड़ दिया है। इनके शरीर में 50 से अधिक टांके लगे हैं। पीड़ित दोनों भाइयों ने बताया कि दोनों बकसोती बाजार से देर शाम घर गांव की ओर जा रहे थे, तभी बीच गोडयारी पुल के पास गांव के ही 20 से 25 की संख्या में रहे लोगों ने सरेराह दोनों भाइयों पर तलवार ,लाठी–डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंगों द्वारा दोनों भाइयों का दोनों पैर और दोनों हाथ तोड़ कर बीच सड़क पर अधमरा कर छोड़ दिया गया। पीड़ित दोनों भाइयों ने गांव के ही विजय यादव समेत गांव के ही कई लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष विकास चंद्र यादव ने बताया कि मामले को लेकर जांच किया जा रहा है। घटना के कारणों की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

जगदीशपुर विधायक ने राजद सुप्रीमो का किया जोरदार स्वागत

लोकतंत्र की आवाज़

जगदीशपुर । भोजपुर,राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का रविवार को जगदीशपुर के नया टोला में जोरदार स्वागत किया गया। वे रोहतास जिले के दावथ ग्राम पंचायत बभनवल में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। स्थानीय विधानसभा के राजद विधायक राम विशुन सिंह लोहिया के नेतृत्व में सैकड़ों राजद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों के बीच उनका स्वागत किया। इस दौरान, विधायक ने लालू प्रसाद यादव के गाड़ी में बैठकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद, लालू प्रसाद यादव ने विधायक को अपने गाड़ी में बैठाकर अपने साथ दावथ ग्राम पंचायत बभनवल में राजद के वरीय नेता काबुल खान के पुत्र के बहुभुज में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। इस दौरान राजद सुप्रीमो ने हाथ हिलाकर सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत अभिनंदन का अभिवादन स्वीकार किया। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने राजद सुप्रीमो जिंदाबाद, तेज–तेजस्वी जिंदाबाद और विधायक राम विशुन सिंह लोहिया जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। विधायक लोहिया ने बताया कि आने वाले 2025 के चुनाव में बिहार के जनता और खासकर महिलाओं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद की ताजपोसी कर बिहार सीएम बनाने की काम करेंगी। उन्होंने कहा कि माई–बहिन मान योजना के तहत ?2500 प्रति माह देने की घोषणा की गई है, जिससे काफी महिलाएं सराहना कर रही हैं। इस अवसर पर कई प्रमुख नेता उपस्थित थे, जिनमें प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि चंदेश्वर सिंह उर्फ साधु यादव, युवा नेता किशोर कुणाल उर्फ राजू यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष रवि यादव, पैक्स अध्यक्ष अमित यादव, महिला नेत्री चिंता देवी, युवा नेता नेयाज अहमद, अमरेन्द्र कुमार, श्याम लाल, अनिल यादव, दिवाकर, गोरखनाथ यादव, मुनजी यादव सहित अन्य शामिल थे।

जगदीशपुर नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

लोकतंत्र की आवाज

जगदीशपुर/भोजपुर । नगर पंचायत, जगदीशपुर के सभाकक्ष में गुरुवार को नगर पंचायत बोर्ड की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख पार्षद संतोष कुमार यादव ने की, जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी शाहिद रजा खां भी उपस्थित थे। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गई और तय एजेंडे के तहत नगर में हो रहे विकास और उत्पन्न हो रही समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में सबसे पहले नगर में चल रहे सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसमें नगर में हो रहे सफाई को और बेहतर तरीके से करने, डोर टू डोर कचरा नियमित रूप से उठाने, शादी विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों में नागरिकों को बेहतर साफ सफाई करने और डस्टबिन की व्यवस्था करने पर चर्चा की गई। इस दौरान सफाई निरीक्षक और सफाई जामदारों को मुख्य पार्षद द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में लाभुकों की राशि और आवास योजना में किए गए कार्यों पर चर्चा की गई। मुख्य पार्षद ने बताया कि द्वितीय किस्त के तहत गत तीन माह में 56 लोगों को राशि भेजी गई, जबकि तृतीय 204 और चौथा 210 किस्त के तहत भी लाभुकों की राशि उनके खाते में भेजा गया। इसके अलावा, एक समाप्त में 400 लगभग लाभुकों को प्रथम क़िस्त खाते में राशि भेजने की तैयारी की गई है। मुख्य पार्षद ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवास योजना में किसी तरह की लापरवाही बरतने और नागरिकों द्वारा शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मियों पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। होल्डिंग टैक्स, राजस्व वसूली और नक्शा संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्य पार्षद ने संबंधित कर्मियों से जानकारी प्राप्त की और समस्याओं का समाधान निकाला। इसके बाद, ज्यादा बकाया होल्डिंग टैक्स के बकायदारों को नोटिस भेज कर शीघ्र राशि भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, नए मकान निर्माण करने वाले गृह स्वामियों को नक्शा पास कराकर मकान बनाने का निर्देशित करने के लिए संबंधित कर्मियों को कहा गया है। वही स्ट्रीट लाइट की हो रही समस्याओं को लेकर एक समिति बनाने का निर्णय लिया गया। मुख्य पार्षद ने बैठक में सभी पार्षदों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं को शीघ्र निष्पादन करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से नगर का विकास हो रहा है और सभी का सहयोग अपेक्षित है।नगर पंचायत के बोर्ड बैठक में नया टोला में डीलक्स शौचालय बनाने का फैसला किया गया है। मुख्य पार्षद ने बताया कि नागरिकों की मांग थी कि नया टोला मोड पर बस स्टैंड होने के बावजूद शौचालय और मूत्रालय की व्यवस्था नहीं है, जिससे महिलाओं को काफी परेशानी होती है। इस निर्णय के अनुसार, जल्द ही डीलक्स शौचालय का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा, जिससे सभी को सुविधा प्रदान होगी। मुख्य पार्षद ने बताया कि जो डीलक्स शौचालय बनेगा, उसमें स्नान घर से लेकर सभी तरह की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मुख्य पार्षद द्वारा लिए गए निर्णय के पार्षदों ने सराहना की। नयका टोला में स्थित रैन बसेरा में ठंड के मद्देनज़र सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्य पार्षद द्वारा लोगों से अनुरोध किया गया है कि जो भी इधर–उधर शरण लेते हैं, वे रैन बसेरा में जाकर रह सकते हैं। इसके लिए वहां पर कर्मियों की तैनाती की गई है ताकि जरूरतमंद लोगों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा सकें।बोर्ड बैठक में वार्ड पार्षद नरगिस खातून, बजरंगी सिंह, उमा देवी, अन्नपूर्णा देवी, शोभा देवी, रंजीत राज, सुनीता देवी, गोविंदा कुमार, डोली देवी, अनीता देवी, गंगाजली देवी, अजिता देवी, सुनील कुमार रुस्तम अली, अनवारुल हक, सुमित्रा देवी कशिश कुमारी सोनी, जरीना खातून, जेई रौशन कुमार, नाजिर गौतम कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी कुमार अभिषेक आनंद सहित अन्य थे।

संक्षिप्त खबरें ।

पतरघट थाना का दो पंचायत किशनपुर, पामा को पस्तपार थाना में किया गया शामिल

लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा संवाददाता। प्रशासनिक भौगोलिक दृष्टिकोण से पतरघट थाना का दो पंचायत को पस्तपार थाना में शामिल किया गया है। जिनको लेकर आज पस्तपार थाना परिसर में थाना अध्यक्ष पंकज कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस पब्लिक के बीच एक बैठक रखा गया है। जानकारी हो कि सौर बाजार थाना से 11 पंचायत को काटकर पतरघट ओपी एवं पस्तपार पुलिस शिविर वर्ष 1993 में बनाया गया था। जिसमें 9 पंचायत का पतरघट ओपी एवं 2 पंचायत का पस्तपार पुलिस शिविर संचालित था। सरकारी स्तर से इसी वर्ष पहले पतरघट ओपी को थाना में उत्क्रमित किया गया। उसके बाद पस्तपार पुलिस शिविर को थाना का दर्जा दिया गया। सरकारी स्तर से पस्तपार थाना में पस्तपार एवं धबौली पूर्वी पंचायत के आलावा पतरघट थाना क्षेत्र का पामा एवं किशनपुर पंचायत को शामिल किया गया है। अब पतरघट थाना में पतरघट, विशनपुर, धबौली पश्चिमी, धबौली दक्षिणी, गोलमा पूर्वी, गोलमा पश्चिमी एवं जम्हरा पंचायत रखा गया है। आरक्षी अधीक्षक ने पस्तपार थाना को पत्र जारी कर क्षेत्राधिकार के अधिसूचना की प्रति थाना के तख्ती संख्या –16 में संधारित करते हुए तदनुसार अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विधि–व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य कार्य संधारित करने का निर्देश दिया है। पतरघट थाना क्षेत्र का पामा एवं किशनपुर पंचायत अपराधिक घटनाओं का सैफ जॉन माना जाता था। जिस पर अंकुश लगाना पस्तपार पुलिस के लिए चुनौती बना रहेगा।

सुन्दरनाथ धाम में सुंदरी मठ न्यास समिति की बैठक धार्मिक शुल्कों में वृद्धि और विकास कार्यों पर चर्चा

लोक तंत्र की आवाज
डा. रूद्र किंकर वर्मा

सुंदरीमठ। अररिया जिले के कुर्साकांटा प्रखंड स्थित ऐतिहासिक धार्मिक स्थल सुन्दरनाथ धाम में शनिवार की संध्या सुंदरी मठ न्यास समिति की बैठक आयोजित की गई, जो वर्ष 2024 की अंतिम बैठक थी। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजय कुमार मंडल ने की, जबकि संचालन का कार्य समिति के सदस्य एचके सिंह ने किया। बैठक में अंचल अधिकारी आलोक कुमार, प्रभारी अंचल निरीक्षक कमरुल होदा, अंचल अमीन, राजस्व कर्मचारी, पूर्व उप प्रमुख मुन्ना मंडल, मुखिया प्रतिनिधि महेश साह, पुलिस विभाग, समिति के सचिव नरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रणव गुप्ता, महंथ सिंघेश्वर गिरि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 1 जनवरी 2024 से कई धार्मिक अनुष्ठानों के शुल्क में वृद्धि की जाएगी। इसके तहत मुंडन शुल्क प्रति बच्चा 50 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये, हवन शुक्ल प्रति श्रद्धालु 100 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये, रुद्राभिषेक शुल्क 250 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये, उपनयन शुल्क प्रति बड़वा 250 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये, शुभ विवाह शुल्क 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये किया गया। इसके अतिरिक्त, यात्री शेड किराया भी बढ़ाने पर सहमति बनी, जबकि दो पहिया और चार पहिया वाहनों के शुल्क में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। बैठक में मकर संक्रांति की तैयारियों पर भी गंभीर चर्चा हुई और कई आवश्यक निर्णय लिए गए। विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि आगामी महाशिवरात्रि तक सुन्दरनाथ धाम में कई विकास और सौंदर्यीकरण कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर कमेटी और जनता के सहयोग से सुन्दरनाथ धाम दिव्यता की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने यह बताया कि पिछले श्रावणी पूर्णिमा महोत्सव के समय इस धाम को बिहार सरकार से सरकारी मेला घोषित किया गया था, और अब इसे एक पर्यटन स्थल के रूप में भी मान्यता मिल चुकी है। बैठक के बाद विधायक विजय कुमार मंडल ने अंचल अधिकारी और सरकारी अमीन के साथ धाम के पूरब स्थित श्रीराम–जानकी कुटी के समीप पंचायत सरकार भवन निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे परिसर का जायजा लिया और कमेटी के सदस्यों को आगामी कार्यों को लेकर कई निर्देश दिए, ताकि धाम का विकास शीघ्रता से हो सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रेमनाथ शर्मा, विजय केशरी, रामदेव सरदार, रामप्रसाद शर्मा, मनोज भगत, छोटू साह, किशोर सिंह, भानू सिंह, सुभाष साह और अन्य समिति सदस्य भी उपस्थित थे।

70वें राज्य स्तरीय अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का डीएम ने किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। रविंद्र नारायण सिंह स्मृति 70 वें राज्य स्तरीय अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उदघाटन शनिवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला पदाधिकारी वैभव चौधरी ने दीप जलाकर कर किया। उद्घाटन समारोह में जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे होगे लाजवाब। आप अगर पढ़ते हैं तो नवाब होते हैं और खेलते हैं तो लाजवाब होते हैं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सहरसा जैसे शहर से बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। हम इस तरह के आयोजन के लिए जिला टेबल टेनिस संघ, जिला खेल संघ के सभी सदस्यों का बहुत– बहुत धन्यवाद देते है।

आप इसी तरह का सहरसा में खेल का माहौल बेहतर बनाने का प्रयास करें जिला प्रशासन हमेशा आप लोगों के साथ सहयोग में खड़ा रहेगा। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम उद्घाटन समारोह में जिला पदाधिकारी के खेल भवन में आगमन पश्चात जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष विवेक विशाल ने जिला पदाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं अंगवस्त्र और टूर्नामेंट का बैच पहना कर स्वागत किया। साथ में टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष सह उपमेयर नगर निगम सहरसा उमर हयात गुड्डु ने जिला पदाधिकारी सहरसा को टूर्नामेंट का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने कहा कि इस टूर्नामेंट में बिहार के लगभग 22 जिलों से लड़के एवं लड़कियां भाग ले रही है। टूर्नामेंट में अंडर 11,13, 15,17,19,–23 और ओपन आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सभी खिलाड़ियों की रहने की व्यवस्था विभिन्न होटलों में की गई है इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने दावेदारी को मजबूत कर बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कोसी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष अर्जुन दहलान, एकलव्य सेंट्रल स्कूल के डायरेक्टर मुकेश कुमार सिंह, क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष चंद्रशेखर अधिकारी, भाजपा नेता शशि शेखर सम्राट, धर्मेंद्र सिंह नयन, ज्योति सिंह संजय कुमार सिंह, बनगांव नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रुपेश कामत, डॉक्टर जयंत आशीष , जिला कबड्डी संघ के सचिव आशीष रंजन, आदि मौजूद थे। जबकि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशाल कुमार झा, विप्लव रंजन, शारीरिक शिक्षा शिक्षक नीतीश मिश्रा, सैयद समी अहमद, राणा रंजन सिंह, दीपक कुमार, वीरेंद्र कुमार सनी सिंह, सूरज गुप्ता अरुण भारती, कुणाल चौधरी राहुल क्षत्रिय आदि जोर शोर से लगे हुए है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तकनीकी पदाधिकारी के रूप में बिहार टेबल टेनिस संघ के अतनु चटर्जी, प्रदीप श्रीवास्तव, प्रदीप शंकर मिश्रा, नोबेल चौधरी, आशीष कुमार, सीमांत सिन्हा, अहद अली, अभिजीत कुमार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह प्रतियोगिता 21 से 25 दिसंबर तक सहरसा के खेल भवन में चलेगी। इस आशय की जानकारी जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने दिया।

गांव कृषि एवं उद्योग धंधे के विस्तार को लेकर अलख जगा रहे हैं भारत सरकार के सेवानिवृत अधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। ग्राम पंचायत प्रखंड एवं शहर में समृद्धि लाने स्वरोजगार लघु एवं कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने तथा कोऑपरेटिव के आधार पर व्यवसाय को बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। साथ ही पत्रकार प्रेरित पर्यावरणीय पर्यावरण परिवर्तन, संतों से समृद्धि, सज्जन शक्ति का विकास को लेकर जन आंदोलन करने के लिए देश के कोने–कोने में भ्रमण कर रहे हैं।

उक्त बातें सेवानिवृत्ति प्रशासनिक अधिकारी भारत सरकार के पूर्व सचिव, पंचगव्य विद्यापीठ चेन्नई के वाइस चांसलर कमल टावरी ने कहीं। शनिवार को परिषदन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में चारों ओर निराश का वातावरण दिखाइ पडने एवं निराशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हमारा प्रयास है गांव में उद्योग धंधे बढें। कोऑपरेटिव के माध्यम से कृषि उद्योग व्यवसाय को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि नौकरी से नौकर वाली मानसिकता उजागर होती है। ऐसे में हमें अपना रोजगार स्वयं कर मालिक बनना आवश्यक है। इस मौके पर यूआईएसीसी अध्यक्ष रजत शर्मा ने कहा कि हम लोग देशभर में घूम–घूम कर जमीनी हकीकत से नीति आयोग को परिचय करवाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास का काम केवल कागज एवं डॉक्यूमेंट पर हो रहा है। सड़क हाईवे एवं बाढ़ की समस्या जस की तस बनी हुई है। वही गांव में गरीब लोगों का आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बना है। लोग बीमारी से मर रहे हैं। हम लोग गांव–गांव घूम कर समस्याओं की निराकरण के लिए भारत सरकार की नीति आयोग को सही वस्तु की स्थिति से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोग अच्छे काम कर रहे हैं। इस मौके पर अखिल भारतीय पंचायत परिषद के प्रभारी सह मीडिया सलाहकार हरिशंकर तिवारी, आईये बिहार के संस्थापक शैलेंद्र चौधरी, भगैत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनारायण यादव, पूर्व जिला पार्षद प्रवीण आनंद, जिप प्रतिनिधि रजनीश आनंद, सुमित झा, अखिलेश मिश्रा, अभिषेक सिंह, इन्द्रदेव कुमार सहित मौजूद थे।

ग्रीन प्लाई फाउंडेशन द्वारा कारपेंटर के बीच हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। शहर के डीबी रोड स्थित राज दरबार होटल के सभागार में शनिवार को ग्रीन प्लाई फाउंडेशन के द्वारा कारपेंटर मजदूरों के बीच फ्री हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित किया गया। ग्रीन प्लाई फाउंडेशन के असिस्टेंट मैनेजर रोशन कुमार ने बताया कि कंपनी के द्वारा पूरे भारतवर्ष में मजदूरों के बीच समय समय पर अलग अलग स्थानों पर फ्री हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित कर स्वास्थ्य संबंधित उचित मार्गदर्शन दिया गया।

उन्होंनें बताया कि मेरा उद्देश्य है कि शर्मा जाति का सर्वांगीण विकास व उन्नति हो। साथ ही वे लोग आर्थिक व सामाजिक स्थिति कमजोर रहने के कारण स्वास्थ्य जांच नही करवा पाते है। ऐसे में इनलोगों के लिए स्वास्थ्य सुधार के लिए फ्री हेल्थ चेकअप शिविर लगाए गए है। इस अवसर पर डॉ ओमप्रकाश एवं डॉ विपुल सिंह के द्वारा कारपेंटर मजदूरों एवं उनके पारिवारिक सदस्यों का आंख एवं पूरे शरीर का निशुल्क जांच किया गया। वहीं स्वास्थ्य कर्मी नवनीत, अशोक, सुनील कुमार, सेल्स एग्जीक्यूटिव तरुण झा के द्वारा जांच में सराहनीय योगदान दिया गया। असिस्टेंट मैनेजर ने बताया कि 11 से 5 बजे तक चले इस हेल्थ चेकअप में लगभग 250 लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया। इसके अलावा विश्वकर्मा समाज से जुड़े लोगों का मुक्त बीमा भी कराया गया।

प्रो. केएन तिवारी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, भारतीय दर्शन में अतुलनीय योगदान की सराहना

लोक तंत्र की आवाज

भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त अध्यक्ष और भारत के प्रमुख दार्शनिकों में से एक, प्रोफेसर डॉ. केदारनाथ तिवारी (के. एन. तिवारी) को बिहार दर्शन परिषद द्वारा सोहनराज लक्ष्मीदेवी तातेड़ लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान भारतीय दर्शन और शिक्षा क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह रविवार को भागलपुर में आयोजित हुआ, जहां परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रो. तिवारी को उनके निवास शांति सदन (बूढ़ानाथ) पर जाकर यह पुरस्कार प्रदान किया।

सम्मान समारोह में भागीदारों का आभार और दार्शनिक योगदान की सराहना : सम्मान प्राप्त करने के दौरान, प्रो. तिवारी ने बिहार दर्शन परिषद का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पुरस्कार उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि उनके विद्यार्थियों और शैक्षिक समुदाय का साझा सम्मान है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा भारतीय दर्शन को समृद्ध करना और छात्रों को एक नई दिशा देना रहा है। परिषद की अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि प्रो. तिवारी का योगदान भारतीय दर्शन और शिक्षा में अविस्मरणीय है और उन्हें सम्मानित करने से परिषद को भी गर्व महसूस हो रहा है। समारोह में उपस्थित डॉ. सुधांशु शेखर, जो परिषद के संयुक्त सचिव और मीडिया प्रभारी हैं, ने यह भी बताया कि प्रो. तिवारी का मधेपुरा से गहरा लगाव रहा है। वे ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आयोजित 42वें अधिवेशन के प्रधान सभापति के रूप में भी सेवा दे चुके हैं।

प्रो. के. एन. तिवारी: जीवन परिचय और शिक्षण यात्रा: प्रो. तिवारी का जन्म 26 जनवरी 1936 को हुआ था। वे समकालीन भारतीय दार्शनिकों में एक प्रमुख नाम हैं, जिनका योगदान भारतीय दर्शन के विभिन्न क्षेत्रों में अद्वितीय है। उन्होंने बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर से 1959 में एम.ए. (स्वर्ण पदक) और मगध विश्वविद्यालय, बोधगया से 1967 में पीएच.डी. की। अपनी शैक्षिक यात्रा की शुरुआत उन्होंने 1959 में देवघर से की थी और फिर 31 जनवरी, 1996 को भागलपुर विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष और मानविकी संकायाध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त हुए। उनके शैक्षिक कार्यकाल में उन्होंने न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान दिया, बल्कि भारतीय दर्शन और तर्कशास्त्र के विभिन्न पहलुओं पर शोध कार्य भी किया।

समाज और शिक्षा के क्षेत्र में अनमोल धरोहर: प्रो. के. एन. तिवारी का जीवन एक प्रेरणा है, जो न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि समाज में भी अपनी छाप छोड़ता है। उनका योगदान न केवल उनके छात्रों के लिए, बल्कि भारतीय दर्शन और शिक्षा के लिए एक अमूल्य धरोहर है। प्रो. के. एन. तिवारी का समर्पण और उनके अद्वितीय योगदान ने भारतीय दर्शन और शिक्षा के क्षेत्र में एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है। उनका जीवन और कार्य आज के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। बिहार दर्शन परिषद द्वारा उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करना न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का उत्सव है, बल्कि भारतीय दर्शन के प्रति उनके अविरल योगदान की भी अभिव्यक्ति है।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में मानव श्रृंखला, छात्रों और नागरिकों ने उठाई आवाज

लोक तंत्र की आवाज

प्रदीप कुमार झा

कुर्साकांटा । रविवार को कुर्साकांटा प्रखंड मुख्यालय स्थित देवीलाल कुशमी देवी सरस्वती शिशु मंदिर मील चौक पर बांग्लादेश में चल रहे अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा के विरोध में एक मानव श्रृंखला बनाई गई। इस मानव श्रृंखला में विद्यालय के लगभग 200 छात्र–छात्राओं के साथ–साथ स्थानीय लोग भी शामिल हुए। शिशु मंदिर के प्राचार्य गोपाल कुमार झा ने बताया कि पिछले कुछ समय से बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद हिंदू, सिक्ख, जैन और बौद्ध धर्मावलंबियों के खिलाफ हिंसा लगातार बढ़ रही है। अल्पसंख्यक समुदायों के धार्मिक स्थलों को नष्ट किया जा रहा है, और इन समुदायों के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस हिंसा पर रोक लगाने और इन समुदायों को सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय के छात्रों ने मील चौक से लेकर मंदिर तक मानव श्रृंखला बनाई।

विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रणव गुप्ता, कोषाध्यक्ष बुद्धिनाथ यादव, देवीलाल, जितेंद्र गोस्वामी, प्रकाश साह, रामनाथ गुप्ता, आचार्य सुमित जी, आचार्य वंदना जी, आचार्य पूनम जी, आचार्य राजकुमार जी, आचार्य ललन झा, आचार्य धीरेंद्र जी, आचार्य संजीव जी, आचार्य सत्येंद्र जी, आचार्य दिलखुश जी और विद्यालय के अन्य आचार्य तथा स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने बांग्लादेश सरकार से अपील की कि वह अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा पर त्वरित रूप से रोक लगाए, जलाए जा रहे धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और इन समुदायों को सुरक्षा मुहैया कराए। इस मानव श्रृंखला के माध्यम से छात्रों और लोगों ने यह संदेश दिया कि हर किसी को अपने धर्म और आस्थाओं के पालन का अधिकार है, और ऐसे मामलों में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को हस्तक्षेप करना चाहिए।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद जिन्होंने एक नई जिम्मेदारी सौंपी :मनोरंजन

लोकतंत्र की आवाज

सत्तरकटैया सहरसा संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित भाजपा के ही मंडल चुनाव अधिकारी ने मनोरंजन चौधरी को सत्तरकटैया प्रखंड मंडल अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी सौंपी है। जानकारी हो कि मनोरंजन चौधरी वर्षों से भाजपा के लिए सक्रिय होकर काम करते आ रहे हैं। पार्टी ने इनके कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए फिलहाल नई जिम्मेदारी सौंपी है जो आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा हित में काफी बेहतर साबित होगा। मंडल अध्यक्ष पद पर काबिज होते ही मनोरंजन ने बताया कि पार्टी के लिए शीर्ष नेतृत्व का जो आदेश होगा ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करूँगा। उन्होंने नई जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधायक डॉ आलोक रंजन, मंत्री नीरज कुमार बबलू, जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह, उपाध्यक्ष शिव भूषण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक पांडेय सहित भाजपा के लोगों को आभार जताया है।

विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा का छातापुर दौरा

लोक तंत्र की आवाज

छातापुर (सुपौल)। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा सोमवार को छातापुर विधानसभा में महत्वपूर्ण दौरे पर रहेंगे। इस दौरे के दौरान वे न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे, बल्कि क्षेत्रीय समाजसेवियों और शोकाकुल परिवारों से भी मिलेंगे। वीआईपी कार्यालय छातापुर ने इस दौरे का विस्तृत रूट चार्ट जारी किया है, जिसके अनुसार उनका दौरा कई महत्वपूर्ण घटनाओं और स्थानों को कवर करेगा।

संजीव मिश्रा का कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे कोसी रिंग बांध सड़क मार्ग से बसंतपुर प्रखंड में आगमन से शुरू होगा। यहां से उनका स्वागत सातनपट्टी, रतनपुरा, भगवानपुर और भीमनगर पंचायतों में कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ता इस दौरे को लेकर काफी उत्साहित हैं और इन पंचायतों में उनके स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। दौरे के अगले चरण में संजीव मिश्रा वीरपुर नगर पंचायत जाएंगे जहां वे दिवंगत समाजसेवी स्व. दिलीप साह जी के शोकाकुल परिवार से मिलेंगे। इसके बाद, वे बसंतपुर पंचायत के खोनटाहा ग्राम में श्री क्षत्रि यादव जी के परिवार से मिलेंगे, जिनके घर में हाल ही में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। इसके बाद उनका अगला पड़ाव बनेलीपट्टी पंचायत होगा, जहां वे मुखिया सुशीला देवी जी के दिवंगत पिता के शोकाकुल परिवार से मुलाकात करेंगे।

कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और शोकाकुल परिवारों से मुलाकात

दोपहर 12:30 बजे से लेकर 03:00 बजे तक संवाद कार्यक्रम : दोपहर 12:30 बजे संजीव मिश्रा वीरपुर नगर पंचायत के समाजसेवी स्व. नेवीलाल रोहिता जी के शोकाकुल परिवार से मिलेंगे। इसके बाद, वे बसंतपुर पंचायत के फतेहपुर गांव में पंचायतवासियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद वे छातापुर प्रखंड में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। दोपहर 02:05 बजे उनका अगला स्टॉप बलुआ बाजार होगा, जहां वे कामरेड नेता स्व. बच्चालाल मंडल जी के शोकाकुल परिवार से मिलेंगे। इसके बाद, वे छातापुर प्रखंड कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। दोपहर 03:00 बजे तक उनका संवाद कार्यक्रम चरने पंचायत में होगा, जहां वे पंचायतवासियों से मुलाकात करेंगे और पार्टी की योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण दौरा: यह दौरा स्थानीय जनता के बीच संजीव मिश्रा और वीआईपी पार्टी के साथ जुड़ाव को और मजबूत करने का एक प्रयास है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद, शोकाकुल परिवारों से मुलाकात और पंचायतवासियों के साथ सीधा संपर्क करना संजीव मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी का रणनीतिक कदम है। इस दौरे से न केवल पार्टी की लोकप्रियता बढ़ेगी, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वीआईपी पार्टी जनता के बीच सक्रिय है और उनकी समस्याओं को समझने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वीआईपी पार्टी के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, संजीव मिश्रा के इस दौरे का मुख्य उद्देश्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करना है।

बसनही पुलिस टीम की सक्रियता से टली एक बड़ी अपराधिक घटना, हथियारबंद बाइक सवार तीन अपराधी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता। शुक्रवार की देर रात जिले के बसनही थाना क्षेत्र में बसनही थाना पुलिस की गस्ती टीम की सजगता के कारण एक बड़ी आपराधिक घटना होने से टल गई। अपराधिक घटना को अंजाम देने बाइक पर सवार होकर निकले तीन हथियार बंद अपराधी को धर दबोच लिया गया।

जिनसे एक देशी पिस्तौल, उनके दो जिंदा कारतूस और उनकी बाइक जब्त की गई थी। बसनही थाना अध्यक्ष कुलवंत कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम गस्ती पदाधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक बबलू कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक पर सवार होकर कुछ युवक मनखाहा गांव से अतलखा गांव की ओर आ रहे है। उनके पास अवैध हथियार है। वे लोग किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए निकले हुए है। जिसकी सूचना मिलने के बाद उनके निर्देश पर गश्ती टीम द्वारा बूटहा पुल के निकट वाहन जांच अभियान चलाया गया था। इस दौरान सड़क पर पुलिस टीम को देखकर एक बाइक सवार अपनी बाइक घूमा कर वापस भागने लगा। शक होने पर उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया था। पकड़ में आए अपराधी बसनही थाना क्षेत्र के अतलखा गांव निवासी शैलेंद्र शाह के पुत्र नीरज कुमार, जंग बहादुर शाह के पुत्र छोटू कुमार और राजीव शाह के पुत्र सत्यम कुमार थे। जिनकी तलाशी लिए जाने पर उनके पास से एक देशी पिस्तौल, उनके दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद उनकी बाइक जब्त कर ली गई थी। गिरफ्तार अपराधी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था।

ऐलान : अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी महासभा की बैठक

लोक तंत्र की आवाज

38 जिलों में 76 विधानसभा सीटों पर समाज का दावा:डॉ. अखिलेश

अररिया। अररिया जिले के अतिथि गृह में शनिवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी महासभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के सामाजिक और राजनीतिक हितों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिला सह प्रमंडलीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार राय ने की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार सिंह बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। बैठक में प्रमुख राजनीतिक और समाजिक व्यक्तित्व भी उपस्थित थे, जिनमें सुदीप कुमार राय, भावेश कुमार राय, रामसेवक मंडल, ओम प्रकाश राय, डॉ. उपेंद्र मंडल, उमेश कुमार मंडल, और कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

सूबे के 38 जिलों में 76 विधानसभा सीटों पर दावा : बैठक में समाज के राजनीतिक अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने ऐलान किया कि अखिल भारतीय कुर्मी महासभा आगामी विधानसभा चुनावों में 38 जिलों में कम से कम दो विधानसभा सीटों पर समाज के उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। इसका मतलब यह है कि महासभा ने 76 विधानसभा सीटों पर अपने समाज के लोगों को टिकट देने का स्पष्ट दावा किया है। डॉ. सिंह ने कहा, ₹हमारा उद्देश्य समाज को राजनीतिक दृष्टि से सशक्त बनाना है और आगामी चुनावों में इन सीटों पर समाज के लोगों को अपना प्रतिनिधित्व देने के लिए हम हर स्तर पर प्रयास करेंगे।

विधानसभा चुनावों में कुर्मी समाज का बढ़ता हुआ राजनीतिक प्रभाव : बैठक में सुनील कुमार राय ने अररिया जिले की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि 90 के दशक में कुर्मी समाज के नेताओं को चुनावी मैदान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। विनोद राय ने निर्दलीय चुनाव जीता और वेणु जी ने बीजेपी की टिकट पर जीत हासिल की थी, लेकिन बाद में उनका टिकट काट दिया गया। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से समाज के अंदर राजनीतिक जागरूकता और एकजुटता की आवश्यकता महसूस हुई, जिसके परिणामस्वरूप महासभा ने सदस्यता अभियान चलाया, जिसमें दो हजार से अधिक लोगों ने सदस्यता ली। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि अररिया जिले के नरपतगंज, फारबिसगंज और अररिया विधानसभा सीटों से कुर्मी समाज और उनकी उपजाति धानुक एवं अमात जाति के लोग आगामी विधानसभा चुनावों में अपने प्रतिनिधियों के तौर पर चुनावी मैदान में उतरेंगे।

बैठक में उपस्थित प्रमुख लोग : बैठक में प्रमुख रूप से सुदीप कुमार राय, भावेश कुमार राय, रामसेवक मंडल, ओम प्रकाश राय, डॉ. उपेंद्र मंडल, उमेश कुमार मंडल, मृत्युंजय राय, सुधीर कुमार राय, राजद नेता मंडल अविनाश आनंद, भाजपा नेता सूरज कुमार राय, जदयू नरपतगंज प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राय, नागपुर पंचायत के सरपंच दिलीप राय, जदयू नेता उमेश कामत पटेल, मंटू राय, फारबिसगंज के पूर्व विधायक वेणु जी के पुत्र फंटूश राय, जदयू नेता संजय राय, जदयू नेत्री संजना देवी, विवेक मंडल समेत अन्य समाज के बुद्धिजीवी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। महासभा का लक्ष्य आगामी विधानसभा चुनावों में कुर्मी समाज को 76 सीटों पर राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाना है और समाज के अधिकारों को सुनिश्चित करना है।

संक्षिप्त खबरें ।

हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग पर 8 घंटे का मेगा ब्लॉक, 24 को मिल जायेगा रेलवे अंडरपास

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चक्रधरपुर(झारखंड)। इंतजार की घड़ियां खत्म होने को है अब 24 दिसंबर को अंडरपास मिल जायेगा. चक्रधरपुर रेलवे ने इसकी तारीख घोषित कर दी है. बताया गया कि 8 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर अंडरपास के लिए बॉक्स लगाये जायेंगे. बताते चलें कि अंडरपास में लगाने के लिए 18 बॉक्स बन कर तैयार है. 6 वॉल विंग लगाये जाएंगे. भारत भवन की ओर से 130 मीटर और अली क्लीनिक की ओर 100 मीटर लंबी संपर्क सड़क बनायी जायेगी. 24 दिसंबर को रेलवे की पूरी टीम अंडर पास बनाने में लगेगी. दरअसल, यहां के लोग अंडर पास का पिछले 7 सालों से इंतजार कर रहे थे. 2018 में ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ था. इस निर्माण के साथ ही रेलवे ने फाटक बंद कर दिये थे. इससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी होने लगी. एक ओर से दूसरी ओर पैदल आना जाना मुश्किल हो गया. यहां लोग जान जोखिम में डालकर रेल पटरी से ही आवागमन करते रहते हैं।

गिरिडीह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह ,झारखंड। श्री रामानुज की जयंती की पूर्व संध्या पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया।सेवानिवृत्त गणित के आचार्य प्रदीप कुमार सिंह,अजीत मिश्रा एवं कोकिल चंद ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि रामानुजन विलक्षण प्रतिभा के धनी थे।उन्हें गणितज्ञों का गणितज्ञ और संख्याओं का जादूगर कहा जाता है।उन्हीं के जन्मदिन पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है ताकि भावी पीढ़ियों को गणित के महत्व और उनके प्रयोग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।कहा कि बच्चों को गणित के सवालों से घबराना नही चाहिए बल्कि उसे सरल तरीके से हल करना चाहिए।वही दूसरी और प्रांतीय योजनानुसार संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न हुई।जिसमें विद्यालय के भैया बहनों ने शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराई। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत कराने हेतु प्रत्येक वर्ष संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजि यहत की जाती है।यह परीक्षा कक्षा तृतीय से द्वादशतक ली जाती है।कार्यक्रम में गणित के समस्त आचार्य उपस्थित थे।

मारपीट में पिता-पुत्र समेत मां घायल, रेफर, दो लोग पुलिस के हिरासत में

लोकतंत्र की आवाज
श्री राम पाण्डेय, ब्यूरो चीफ
चतरा। हंटरगंज थाना क्षेत्र के डाहा गांव में शुक्रवार की देर शाम करीब 8 बजे गाली – गलौज को लेकर विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पिता – पुत्र मां गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों द्वारा हंटरगंज पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार दल– बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को ईलाज के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान संजय यादव,अंजू देवी , महावीर कुमार डाहा निवासी है।घायल युवक के बेटी ने बताई की पड़ोसी द्वारा बेवजह घर पर पहुंच गाली–गलौज दिया जा रहा था जिसका विरोध करने पर मेरे पिता, माता, और भैया को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पुराने जमीनी विवाद रंजिश के वजह से मारपीट की घटना हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताक्ष की जा रही है पुलिस आगे गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पियर एजुकेटर मॉड्यूल पायलट स्टडी का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिष्णुगढ़ में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य केंद्र कार्यक्रम अंतर्गत पियर एजुकेटर के मॉड्यूल का पायलट स्टडी आयोजन किया गया । पियर एजुकेटर मॉडल के पायलट स्टडी में एजुकेटर साथिया के द्वारा क्रियात्मक रूप से भाग लिया गया एवं उनके सुझाव को कार्यक्रम में शामिल कर इसे सुदृढ़ करने हेतु निर्णय लिया गया कार्यक्रम का संचालन एवं मूल्यांकन दीपक कुमार राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार किशोर स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार डॉ नीलेश देशपांडे नेशनल प्रोग्राम विशेषज्ञ किशोर एवं युवा स्वास्थ्य यू०एन०एफ०पी०ए० श्री शाद एवं श्रीमती सुचिता शर्मा प्रशिक्षक न्यू कॉसेप्ट श्रीमती रफत फरजाना राज्य सलाहकार किशोर स्वास्थ्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के द्वारा किया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिष्णुगढ में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने शाल ओढ़ा कर एवं डोगरा चित्रकला भेंट कर केंद्रीय एवं स्टेट टीम को सम्मानित किया कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला स्वास्थ्य समिति हजारीबाग एवं प्रखंड कार्यक्रम पुष्पा श्रीवास्तव बिटिटि काजल कुमारी की यहम भूमिका रही ।

बिष्णुगढ़ सीओ की पहल से , गरीब गोस्वामी परिवार का जगी आस, बसेरा बनना तय

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी विष्णुगढ़ के आदेश पत्रांक 1166 एवं दिनांक 19/ 12/ 2024 के आलोक में बसंती देवी पति स्वर्गीय अनिल गोस्वामी साकिन चेडरा में पी०एम० आवास के निर्माण में हो रहे विवाद जमीन का खाता संख्या 104, प्लॉट संख्या 1294 रकवा 2 डिसमिल भूमि विवाद को हल करने हेतु ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत मुखिया सह अध्यक्ष निर्मल कुमार की अध्यक्षता में की गई।

ग्राम सभा में अंचलाधिकारी विष्णुगढ़ नित्यानंद कुमार दास, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी की उपस्थिति में उक्त विवादित भूमि में निर्माणधीन पी०एम० आवास के लाभूको को विष्णुगढ़ थाना के एस०आई० दशरथ महतो के द्वारा लाभूको को हमेशा धमकाने एवं निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई। थाना के एस०आई० के द्वारा विशेष रूची लिए जाने के कारणों का पता लगने पर पता चला की विवाद कर रहे लोगों से उनका निजी संबंध है उक्त संबंध में 12/ 12/ 2024 और 17/12/24 पीड़िता बसंती देवी के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया गया। परंतु विवाद कर रहे लोगों के ऊपर आज तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पायी है। उक्त भूमि पर एस० आई० के द्वारा पुनः न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी सदर हजारीबाग के यहां धारा 144 वाद संख्या 468/ 2024 के तहत मुकदमा दर्ज कर दी गई जिससे स्पष्ट होता है कि पीड़िता को विष्णुगढ़ थाना में पदस्थापित पदाधिकारी के द्वारा परेशान किया जा रहा है उक्त कारणों के कारण विशेष तौर पर ग्राम सभा की गई। जबकि पूर्व में अनुमंडल न्यायालय दंडाधिकारी के द्वारा प्रथम पक्ष के वाद को खारिज किया जा चुका है। पी०एम० आवास लिस्ट PMAYGIDJH1170912 मल्लू देवनाथ गोस्वामी एवं कल्लू गोस्वामी PMAYG IDJH 1199231 के नाम से आवास आवंटित है। इसी कारण ग्राम सभा आयोजित कर सभी ग्राम वासियों के बीच अंचलाधिकारी के द्वारा आवास निर्माण कार्य में सी०सी०टीवी० कैमरे के निगरानी में संपूर्ण आवास का निर्माण का कार्य करवाने का निर्णय लिया गया। मौके पर इस ग्राम सभा में चेडरा पंचायत के सम्मानित सदस्य पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रकाश पटेल, पंचायत सचिव प्रीति कुमारी, पंचायत सहायक सुनील कुमार, वार्ड सदस्य पूनम कुमारी, सुनील गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार ललित मिश्रा, छोटी नाथ गोस्वामी, छोटी सिंह, श्रीकांत, गजेंद्र राणा, नाथो सिंह , गुड्डी देवी, राजू सिंह, फूलिया देवी, अनिल गोस्वामी, गोविंद शर्मा, विष्णुगढ़ उप मुखिया अनुराग बर्मन, जे०एल०के०एम० के केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल, मजदूर संघ के अध्यक्ष सुरेश राम, वार्ड सदस्य सुनील गोस्वामी, वार्ड सदस्य उमेश प्रसाद स्वर्णकार,पं०स०स० प्रतिनिधि विकास कुमार दास, जीवन सोनी, भास्कर दुबे, इश्तियाक अहमद,गौतम शर्मा,प्रदीप महतो, ब्रजेश सिंह, पवन प्रताप सिंह, वरुण कुमार, दिवाकर प्रसाद, विवेक कुमार, पप्पू कुमार, दुलारचंद साहू, शंकर गोस्वामी, सुरेश स्वर्णकार समेत साइकिल सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं गण्यमान्य उपस्थित थे।

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान की 2500 रु के प्रथम किस्त को लेकर माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज

- हजारीबाग से दस हजार लाभुक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में होंगे शामिल

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को 2500/– रूपये की प्रथम किस्त भुगतान के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में 28 दिसंबर को खोजाटोली आर्मी ट्रेनिंग ग्राउण्ड, नामकुम, रांची में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया। कि कार्यक्रम में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कुल 10000 (दस हजार) लाभुकों को हजारीबाग जिला से कार्यक्रम स्थल, नामकुम, रांची ले जाना है। इन दस हजार लाभुकों के लिए प्रर्याप्त बस, प्रखंडवार लाभुकों की सूची सहित इनके भोजनादि की व्यवस्था आदि को सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस कार्यक्रम के लिए जिलास्तर पर एक टीम गठित की गई है। जिसमें उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, सहायक समाहर्ता लोकेश बारंगे,जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा,नजारत उप समाहर्ता प्रदीप कुमार,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय,जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस तथा जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है।

भरकट्टा विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि रहे बगोदर विधायक नागेंद्र महतो जी

लोकतंत्र की आवाज

अनिल कुमार (संवाददाता)
प्रखंड– बिरनी, गिरिडीह। हर वर्ष महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस के उपलक्ष पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती की पावन अवसर पर आज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरकट्टा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बगोदर विधायक श्री नागेंद्र महतो जी मौजूद रहें।इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में लगाये गये मॉडल का अवलोकन किया. विद्यार्थियों ने अपने–अपने मॉडल के बारे में विस्तार से बताया. विधायक ने विद्यार्थियों के विज्ञान मॉडल को खूब सराहा.उन्होंने कहा कि बच्चों ने अच्छा मॉडल प्रस्तुत किया है. विद्यार्थी लगातार मेहनत के साथ पढ़ाई करते रहें. उन्होंने अपने शिक्षक जीवन और विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को भी साझा किया. कहा कि अगर विद्यार्थी अच्छे मेहनत करेंगे तो अपने जीवन में सफल जरूर होंगे। इस अवसर पर देवनाथ राणा, मनोज सिंह,बुधन वर्मा, के के वर्मा,लक्ष्मण दास, मनोज चंद्रवंशी,प्रेमचंद कुशवाहा,अशोक वर्मा,निरंजन वर्मा,विशेश्वर साव, स्कूल के प्राचार्य एवं आचार्यगण मौजूद रहे।

पीएम आवास योजना तथा मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा

लोकतंत्र की आवाज

- उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह,झारखंड। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम भारत में लागू एक रोजगार गारंटी योजना है तथा पीएम आवास योजना में नगरों एवं ग्रामीण इलाकों में रहने वाले निर्धन लोगों को उनके क्रय शक्ति के अनुकूल घर प्रधान करना

समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में पीएम आवास योजना व मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से कराएं ताकि सभी योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में चल रहे कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने हेतु निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि संवेदनशील होकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही निरन्तर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजना की पूर्णता में तेजी लाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि हर स्तर से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने के प्रयास होने चाहिए।

हजारीबाग: बीएड प्रशिक्षुओं के सत्र समाप्ति पर विदाई समारोह का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। बिष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बी०एड० सत्र 2022–24 के प्रशिक्षुओं के सत्र समाप्ति पर विदाई समारोह सह सांस्कृतिक समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपप्रज्वलन कर किया गया! महाविद्यालय के प्राचार्य डॉङ्क सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा की पूरे सत्र में समस्त शैक्षणिक क्रियाकलापों में बेहतर प्रदर्शन और अनुशासन बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रशिक्षुओं का तारीफ किया।

पुरे सत्र की अवधि में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक सहगामी क्रियाकलापों जैसे पोस्टर मेकिंग, रंगोली, अनुशासन, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान प्रशिक्षुओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनको प्रोत्साहित किया गया!

आईङ्क्यूङ्कऐङ्कसीङ्क कॉर्डिनेटर एवं एनङ्कएसएसङ्क कार्यक्रम पदाधिकारी स्वर्णा मिश्रा,सहायक प्राध्यापकगण जिनमें,बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव,राघवेंद्र प्रताप,सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो,संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार ,आजाद नाजरा,सुनीता सभी सत्रों के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

चाईबासा: सर्वाईकल कैंसर सह मोतियाबिंद शिविर का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चाईबासा(झारखंड)। पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती टोंटो प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जिला दंडाधिकारी –सह– उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी के द्वारा चाईबासा वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार मीणा सिविल सर्जन डॉ.सुशांतो माझी तथा डॉ.भारती कश्यप की मौजूदगी में सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उक्त शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति, वन विभाग तथा विमेन डॉक्टर विंग (आई.एम.ए) झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम स्थल आगमन पर सभी अतिथियों का स्थानिक जनों के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस क्रम में जिला उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारी के द्वारा संचालित शिविर का जायजा लेते हुए संपादित कार्यों का अवलोकन कर समारोह में अपनी सेवा दे रहे चिकित्सकों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस शिविर में उपरोक्त के अलावे स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मलेरिया जांच, गैर संचारी रोग, फार्मेसी काउंटर, शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच, सिकल सेल जांच, ट्यूबरकुलोसिस जांच आदि के लिए भी स्टॉल का संचालन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले के सुदूर क्षेत्र टोंटो में सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन करने के लिए वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा विशेष कर विमेन डॉक्टर विंग–आईएमए झारखंड को विशेष रूप से साधुवाद देता हूं, कि उनके समेकित पहल से इस क्षेत्र के पुरुष एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के मामले को सर्वोपरि रखते हुए यहां इस शिविर को संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रह रही महिलाओं के बीच सर्वाइकल कैंसर से संबंधित जागरूकता को बढ़ावा देना तथा इस मामले में स्थानीय महिलाओं के साथ संवाद करते हुए बीमारी के लक्षणों का पहचान कर इसका इलाज सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पूर्व में दो स्थानों पर संचालित शिविर के दौरान उपस्थित हो रहे ग्रामीण का रुझान को देखते हुए, इस जांच शिविर में अन्य रोगों के जांच की सुविधा को भी जोड़ा गया है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि दुर्गम क्षेत्र होने के कारण जो भी व्यक्ति स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुंच रहे हैं, उन सभी तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए समेकित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुनिश्चित हो। उपायुक्त ने कहा कि इस शिविर का मुख्य ध्येय यही है कि यहां उपस्थित अधिकाधिक जन अपने–अपने संबंद्ध बीमारियों का जांच करायें तथा उपचार प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ लें।

सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर को संबोधित करते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी, चाईबासा ने कहा कि वन विभाग के द्वारा हमेशा ही सुदूरवर्ती क्षेत्र में कार्य किया गया है, परंतु संभवतः प्रथम बार प्रत्यक्ष रूप से आम जनों को दिए जाने वाले लाभ के लिए आज यहां कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग सहित जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व विमेन डॉक्टर विंग (आई.एम.ए) झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह मेगा हेल्थ शिविर इस क्षेत्र के पुरुष एवं महिलाओं सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी है। शिविर में अपनी बातों को रखते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि उपरोक्त सभी की सहभागिता पर जिले में इस प्रकार के तीसरे कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इससे पूर्व नोआमुंडी प्रखंड के दुरस्थ गुआ में तथा गोईलकेरा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन कर आम जनों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाभान्वित किया गया है। दुर्गम क्षेत्रों में शिविर का संचालन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ना है। शिविर में जिले के सिविल सर्जन एवं डॉ भारती कश्यप के द्वारा हेल्थ कैंप के संचालन एवं इसकी आवश्यकता से संबंधित विविध बिंदुओं पर अपनी बातों को रखा गया।

आज के शिविर में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग–130, नेत्र जांच–313, तपेदिक(टीबी) स्क्रीनिंग–117, मलेरिया स्क्रीनिंग–308, सिकल सेल स्क्रीनिंग–110, सामान्य ओपीडी–492, एनसीडी स्क्रीनिंग–147, परिवार नियोजन सेवाएँ–298, आयुष्मान कार्ड पंजीकरण–128 सहित कुल 2043 जनों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

वन नेशन वन इलेक्शन बिल को लेकर संयुक्त संसदीय समिति का गठन, झारखंड से दो सांसद शामिल

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
पलामू(झारखंड)। वन नेशन वन इलेक्शन बिल संयुक्त संसदीय कमेटी को भेजा गया है. इस कमेटी में देशभर के 22 सांसदों को शामिल किया गया है, जिनमें 13 सांसद राज्यसभा से लिए गए हैं. संयुक्त संसदीय कमेटी में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम और लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत को शामिल किया गया है.पलामू संसदीय सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है. वहीं, लोहरदगा संसदीय सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है. संयुक्त संसदीय कमेटी द्वारा एक रिपोर्ट तैयार किया जाएगा, इसके बाद पूरे मामले में पार्लियामेंट को रिपोर्ट सौंपेगी. रिपोर्ट के आधार पर वन नेशन वन इलेक्शन बिल पर निर्णय लिया जाएगा. सांसद विष्णुदयाल राम ने बताया कि ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी वन नेशन वन इलेक्शन बिल पर चर्चा करेगी और एक रिपोर्ट तैयार करेगी. इसके बाद इस रिपोर्ट को संसद को सौंप दिया जाएगा. सांसद विष्णुदयाल राम रविवार को पलामू लौट रहे हैं. उन्होंने कमेटी में शामिल करने के प्रति देश के प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति आभार व्यक्त किया है. विष्णुदयाल राम को ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी में शामिल किए जाने के बाद पलामू में खुशी का माहौल है.

इधर, भाजपा नेताओं का कहना है कि यह गौरवपूर्ण है कि पलामू को संयुक्त संसदीय कमेटी में जगह मिली है. वन नेशन वन इलेक्शन बिल देश के लिए काफी महत्वपूर्ण है. भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी का कहना है कि यह गौरवपूर्ण है. वे प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं. पलामू का संविधान के निर्माण में भी योगदान रहा है. संविधान निर्माण में भी पलामू के दो सदस्यों को शामिल किया गया था. संविधान सभा में पलामू के यदुवंश सहाय और अमियो कुमार घोष शामिल थे.

संक्षिप्त खबरें ।

समस्तीपुर में डबल मर्डर से सनसनी, अपराधियों ने दो लोगों को गोलियों से भून डाला

लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार
बिहार। समस्तीपुर में एक बार फिर से अपराधियों का तांडव देखने को मिला है? हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर पूरे इलाके में सनसनी फैला दी, जिले में भूमाफियाओं ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस कप्तान सहित कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी, पुलिस में दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है, बता दें कि समस्तीपुर जिले में पहले भी जमीन विवाद को लेकर कई कई लोगों की हत्या हो चुकी है।मस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर मोइन के पास हथियारबंद अपराधियों ने टोटो चालक एवं टोटो पर बैठे एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया, मृत व्यक्ति की पहचान नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले विजय गुप्ता के रूप में की गई है, वहीं टोटो चालक की पहचान नहीं हो पाई है।

पीरपैंती: ग्यारह हजार वोल्टेज तार गिरने से बाल बाल बचे एक ही परिवार के चार लोग

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती थाना अंतर्गत सलेमपुर पंचायत निवासी पवन ओझा के घर के ऊपर से गुजरे ग्यारह हजार हाई वोल्टेज नंगी तार रविवार की सुबह (10 बजे के समीप) अचानक गिरने से आंगन में बैठे एक ही परिवार के चार लोग बाल बाल बचे । साथ ही खेत में प्याज की बुवाई कर रहे मजदूर भी तार के चपेट में आने से बाल बाल बचे । वही घटना की सूचना स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम दास ने तत्काल बिजली विभाग को दी एवं बिजली सप्लाई बन्द कराई । घटना को लेकर गृह स्वामी पवन ओझा ने बताया कि हमारे घर के ऊपर से हाई वोल्टेज नंगी तार गुजरा है । जिसको लेकर हमारे परिवार के तमाम लोगों के जान पर बना रहता है । आज सुबह तार गिरने से परिवार के सभी लोग बाल बाल बचे हैं । बिजली विभाग से संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करूंगा कि यथा शीघ्र उनके द्वारा हमारे घर के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज तार को हटाने की कृपया की जाए । ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना ना घटित हो ।

बाइक की ठोकर से वृद्ध की गई जान, बाईक चालाक गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार, गायघाट। थाना क्षेत्र के मझौली चोरौत एनएच सड़क मार्ग बाईक की ठोकर से वृद्ध आदमी की मौत हुई है। मृतक की पहचान रामनगर निवासी गोकुल दास के रूप मे हुई है। वही घायल हुए बाईक सवार युवक की पहचान बोचहा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी अजय साहनी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उमाकांत सिंह ने बताया कि डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के घर एसकेएचसीएच भेज दिया है। घायल हुए अजय साहनी को बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। बाईक को जब्त कर थाने से आई गई है। पुलीस सभी मामले में छानबीन कर रही है।

लखनपुर में रजनी की मौत, दहेज़ को लेकर हत्या करने का आरोप

लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार, मुजफ्फपुर। यजुआर थाना क्षेत्र के लखनपुर में देर रात तकिया दबाकर नवविवाहिता की हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान कटरा थाना क्षेत्र की बुधकारा निवासी रामप्रीत दास की पुत्री रजनी कुमारी (18) वर्षीय के रूप में हुई है। इस मामले मे पुलिस ने पुलिस ने सास इंदु देवी ससुर मदन दास पति अमरजीत दास समेत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के चाचा रामसरेस्थ दास ने पुलिस को दहेज प्रथा को लेकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पूरे मामले मे यजुआर थाना प्रभारी हेमंत कुमार ने बताया कि देर रात हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीनो को गिरफतार किया है । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद बॉडी को परिजन को शॉप दिया गया है । मृतका के चाचा ने बताया कि रजनी की शादी पाच महीने पहले ही अमरजीत दास से हुई थी। दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।

स्थानीय लोगों एवं पुलिस प्रशासन के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पुरे जिले में प्लैग मार्च निकाला गया

लोकतंत्र की आवाज़
गया। संध्या में वरीय पुलिस अधीक्षक आशिष भारती गया के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों के नेतृत्व में पूरे जिले भर में बेहतर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक व्यापक फ्लैग मार्च आयोजित किया गया है। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित किया, जिससे शांति और सुरक्षा के प्रति उनकी भावना और अधिक मजबूत हुई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देना था।

बिजनौर में पीसीएस प्री परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल सम्पन्न: जिले भर में 18 परीक्षा केंद्रों में पर हुई परीक्षा

*** पंजीकृत परीक्षार्थी: 7710 * शामिल परीक्षार्थी: 2524 * परीक्षा छोड़ने वाले: 5186**

लोकतन्त्र की आवाज

रिपोर्ट राजेंद्र चौहान
बिजनौर। बिजनौर में ज़िले के 18 केंद्रों पर पीसीएस प्री परीक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे ।जिले भर के 18 सेंटरों में दो पाली में 2524 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। परीक्षा के केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। साथ ही 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए थे। ट्रैफिक व्यवस्था में कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए पुलिस कर्मियों चौराहों पर तैनात किया गया थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो पालियों में पीसीएस परीक्षा आयोजित की गई ।इसको लेकर पलिस प्रशासन सरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे । ज़िला मुख्यालय व आसपास के कस्बो में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

बिजनौर में आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक, जीजीआईसी, केपीएस कन्या इंटर, कॉलेज आर बी डी महिला महाविद्यालय, आरजेपी इंटर कॉलेज, वर्धमान कॉलेज, बीआईसी, जीजीआईसी झालू सहित 18 केंद्र बनाए गए थे।नोडल अधिकारी एसपी सिटी संजीव वाजपेयी ने बताया कि पहली पाली की परीक्षा 9:30 बजे से शुरू हुई वंही दूसरी पाली की परीक्षा 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक चली।बिजनौर में आयोजित पीसीएस प्री परीक्षा की पहली पाली में महज 2524 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 7710 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 5186 ने परीक्षा छोड़ दी। जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया, जहां प्रशासन ने सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया।

परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। चौराहों पर यातायात पुलिस की भी तैनाती की गई ताकि परीक्षा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बाधित न हो। परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, जिससे हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी गई।परीक्षा समाप्त होने के बाद जब परीक्षार्थी बाहर निकले, तो उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया साझा की। कई परीक्षार्थियों ने बताया कि इस बार परीक्षा में पहले की तुलना में सख्ती ज्यादा थी। आँख के रेटिना स्कैनिंग जैसे नए प्रोटोकॉल ने सुरक्षा को और कड़ा बना दिया।

परीक्षा के स्तर पर बात करें तो परीक्षार्थियों ने इसे ₹मॉडरेट₹ बताया। कई छात्रों ने दावा किया कि इस बार पेपर ज्यादा कठिन नहीं था, लेकिन आसान भी नहीं था। एज़र्शन और रीजनिंग से जुड़े सवालों ने खासा परेशान किया, वहीं पोयट्री वाले प्रश्न भी चुनौतीपूर्ण साबित हुए। प्रशासन ने दूसरी पाली के लिए भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। परीक्षा को सुचारु और निष्पक्ष रूप से आयोजित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए थे।

जिला परिषद के बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को किया गया बाहर

लोकतंत्र की आवाज़

गया। जिला परिषद की सामान्य बैठक में अधिकारियों की गैरमौजूदगी ने माहौल गर्म कर दिया है। दोपहर से शाम तक चली इस बैठक में कई विभागों के अधिकारी नदारद रहे, जिससे पर्षद के सदस्य नाराज हो गए हैं। परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी और उपाध्यक्ष शीतल यादव ने इसे गंभीर मुद्दा बताया है। अधिकारियों के प्रतिनिधियों को बैठक से बाहर कर दिया गया है।इस मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप लगा कि अधिकारियों की गैरमौजूदगी से जनता का काम बाधित होता है और परिषद की साख पर असर पड़ता है। गैरहाजिर अधिकारियों पर कार्रवाई और विकास कार्यों में तेजी के साथ बैठक समाप्त हुई है।

जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी ने कहा, ₹बैठक विकास और शांति पर केंद्रित रही, लेकिन बड़ी संख्या में अधिकारी गैरहाजिर थे। उन्होंने अपने प्रतिनिधि भेज दिए, जो गलत परंपरा है। संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जिला परिषद उपाध्यक्ष शीतल यादव ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य पालन योजना पर चर्चा हुई है। इस योजना का फॉर्मेट सभी पर्षद सदस्यों को दिया गया है। लीज 2024 और 15वीं, 6वीं, व 5वीं वित्त आयोग की योजनाओं पर विचार किया गया है।इस बैठक में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाए गए हैं। हालांकि, सिविल सर्जन प्रभात कुमार मौजूद रहे। पर्षद सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं उनके सामने रखीं हैं।

बेलागंज की विधायक मनोरमा देवी ने भी बैठक में भाग लिया है। उन्होंने विकास योजनाओं में तेजी लाने और पारदर्शिता पर जोर दिया है।

होटल मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी, बलिया। चितबड़ागांव स्थित शंकर होटल के मालिक शंकर जी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया बताते चलें कि उनके विरुद्ध बिजली चोरी के मामले बर्ष 2023 में बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें न्यायालय ASJ/SPL(ECAST)ने शंकर जी 68 बर्ष पुत्र स्व दुखरन साहु निवासी पिपरा खुद थाना चितबड़ागांव पर ग़ैर ज़मानती वारंट जारी किया था।थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी ने बताया की माननीय न्यायालय के आदेश के क्रम में उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक चन्द्रशेखर यादव एवं हे कांस्टेबल शिव प्रकाश यादव रहे।

प्रेसवार्ता में विधायक बोले, सिकंदरपुर में भू-माफिया सक्रिय

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
बलिया। सिकंदरपुर स्थित समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान वहां मौजूद पत्र प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि सिकंदरपुर में इस समय भू माफिया सक्रिय हो गए हैं। कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में जितनी भी कार्य हमने कराए वे ही कार्य आज दिख रहे हैं। इससे पूर्व इत्तेफाक से एक्सीडेंटल एमएलए हो जाने की वजह से उन कार्यों में प्रगति नहीं हो सकी।

उन्होंने खरीद दरौली का मध्य बनने वाले पक्का पुल का जिक्रकरते हुए कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में पक्का पुल पास कराया गया था, जिसके पिलर का निर्माण तेजी से हो रहा था। सरकार बदलने के बाद आज तक वह गति नहीं पकड़ सका। इस दौरान उन्होंने कहा कि भूमाफियाओं का कब्जा हर जगह हो रहा है। उन्होंने हरिपुर में बना रहे अन्नपूर्णा भवन के निर्माण को रुकवा दिए जाने की बात करते हुए कहा कि प्रधान से भू माफियाओं ने 10 लाख रुपए की मांग की थी। न देने पर उन्होंने कार्य को एसडीएम से मिलकर रुकवा दिया। इस दौरान गड़बोड़ा गड़ही जो सिकंदरपुर की ऐतिहासिक गड़ही रही है जिसमें पूरे नगर का पानी गिरता है उस पर आज एसडीएम से मिलकर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चार डॉक्टर हुआ करते थे चारों का ट्रांसफर हो जाने के कारण डॉक्टरों की कमी के कारण लोगों का इलाज नहीं हो पा रहा है। बताया कि सारी समस्याओं को विधानसभा में उठाया गया है। इस दौरान तहसील क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक बिना अप्रोच मार्ग के पुल बनाकर छोड़ दिए गए हैं। उस पर उन्होंने कहा कि पूर्व के विधायक द्वारा आनंन फानन में पैसा उतारने के लिए सारे हथकंडे अपनाए गए थे इसीलिए बिना अप्रोच मार्ग के पुल बनाकर छोड़ दिया गया है।

वहीं उन्होंने बताया कि थाने से लेकर के मालीपुर नहर मार्ग को पीडब्ल्यूडी को हैंडोवर कर दिया गया है, जिसका निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा करा कर चौड़ीकरण भी करवाया जाएगा। बताया कि इन सभी समस्याओं को लेकर जनवरी में 16 से 18 जनवरी के बीच तहसील का जबरदस्त घेराव किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद धर्मेंद्र यादव मौजूद रहेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से मदन राय, रामजी यादव, चंद्रमा यादव, भीष्म यादव, खुर्शीद आलम, राजेश राय, रामेश्वर यादव, त्रिलोकी यादव, उपेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

विक्रमशिला महोत्सव 2024 का शानदार, जानदार, दमदार हुआ समापन

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती/ कहलगांव। लगातार तीन दिन तक चलने वाला विक्रमशिला महोत्सव का शानदार तरीके से समापन हो गया ।अंतिम दिन स्थानीय कलाकारों ने अपने प्रस्तुति दिए। जिसमें पीरपैंती के शिवम कुमार , अमन कुमार और सौरभ कुमार पांडे ने अपनी गायकी से दर्शकों का मन मोह लिया। समापन समारोह में पीरपैंती के गायको का जलवा कायम रहा।

शिवम कुमार मिश्रा के गाए हुए गीत ,दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है, और ,दमा दम मस्त कलंदर, पर दर्शन को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वही अमन के गाए गए गीत ,छाप तिलक सब छीनी रे मोर नैना, और सौरभ कुमार पांडे के द्वारा गया गया गीत हमारा के छोड़ सैया गई ल विदेशवा हो, गाने पर दर्शकों ने तालियां बजाकर इन कलाकारों का हौसला अफजाई किया। कमेटी के सदस्य प्रवीण राणा, पवन कुमार भारती सहित तमाम सदस्यों ने प्रशस्ति पत्र देकर स्थानीय गायको का मनोबल बढ़ाया। वहीं दूसरी ओर आए हुए सम्मानित सदस्यों ने विक्रमशिला के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। विक्रमशिला प्राचीन धरोहर के रक्षा करने, और विक्रमशिला विश्वविद्यालय को पुनः पुनर्जीवित करने का स्थानीय राजनेताओं से निवेदन भी किया गया। आज के कार्यक्रम में भागलपुर सांसद अजय कुमार मंडल, झुंपा सिंह सहित आनेको गण्यमान्य लोग शामिल हुए हैं।

प्रखंड जदयू अध्यक्ष ने बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष से की मुलाकात

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती । पीरपैंती प्रखंड के जदयू अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पधारे बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव से मुलाकात की। उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम में साथ रहे ।साथ ही प्रखंड जदयू अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने माननीय उपाध्यक्ष महोदय से अपने क्षेत्र के बारे में विस्तार से चर्चा की ।माननीय उपाध्यक्ष महोदय अध्यक्ष की बात सुनी । समाधान का भी आश्वासन दिया।

भक्ति पथ में जाति वर्ग बाधक नहीं : कथा वाचक

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
सिकन्दरपुर /बलिया। क्षेत्र के ड्हा स्थित वनखण्डी नाथ मठ परिसर में आयोजित ऐतिहासिक अद्वैत शिवशक्ति राजसूय महायज्ञ निर्बाध रूप से जारी है।यज्ञ के दैरान सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हाजिरी देने का क्रम जारी है।उधर रात में चल रहे प्रवचन में भी काफी भीड़ हो रही है।

इसी क्रम में रविवार को व्यासपीठ से अपने प्रवचन में गोरक्षपीठ गोरखपुर से पधारे स्वामी रामदास जी महाराज ने अपने प्रवचन में सन्त चरणामृत के महत्व पर सारगर्भित प्रकाश डाला।बताया कि भक्ति पथ में जाति वर्ग बाधक नहीं ,विषय विमोहित व्यक्ति भक्ति नहीं कर सकता,इस के लिये त्याग आवश्यक है।कहा कि द्वारिका से सात माह बाद लौटे अर्जुन ने युधिष्ठिर से कहा, भैया–अब हम लोग कृष्ण कृपा से वंचित हो गए क्योंकि वे परमधाम चले गए।लीला का संवरण सुन कुन्ती मैया ने कृष्ण कृष्ण कहते कहते शरीर त्याग दी।परीक्षित को राज्य भर सौंप कर पांडव भी परलोक चले गए।परीक्षित एक दिन गो रक्षार्थ कदम बढ़ाए ही थे कि आवाज आई मैं कलियुग हूँ,मेरे लिए स्थान बताएं₹।राजा ने उसे मदिरालय बधशाला आदि स्थान बताया।।किन्तु उसके आग्रह पर स्वर्ग में भी स्थान दे दिया।

कथा को गति देते हुए वक्त ने कहा कि एक दिन परीक्षित अपने पूर्वजों द्वारा प्राप्त जरासंघ के स्वर्ण मुकुट पहन कर आखेट हेतु वन में गए।प्यास लगी तो शमीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे।ऋषि ध्यानवस्थ थे।कलि के प्रभाव से ऋषि को ढोंगी समझ राजा ने उनके गले में मृत सर्प लपेट दिया।तब ऋषि पुत्र ने



समाचार पा कर शाप दे डाला कि जिस ने यह दुष्कर्म किया है,आज के सातवें दिन इसी सर्प के काटने से मर जायेगा।परीक्षित चिंतातुर हो शुकदेव स्वामी के शरण में गए।वे गंगा तट पर बट बृक्ष की छाया विराजमान थे।वह स्थान आज 'शुक्रताल'के नाम से जाना जाता है।निश्चय ही अन्योपार्जित धन विनाश का कारण है।शापित परीक्षित को नींद भी नहीं आ रही थी।

शुकदेव जी बोले,मृत्यु तो सब की होनी है किंतु उस की भयंकरता से बचने के लिए भगवत कथा का श्रवण चिंतन अनिवार्य है।प्राणायाम करो ,जितेन्द्रिय रहो, श्री हरि के चरण कमलों का ध्यान करो, भगवत कृपा के बिना कुछ भी सम्भव नहीं।हरि नाम जे बिना जीवन व्यर्थ है।हरि नाम अमृत से भी बढ़ कर है।हरि नाम की महिमा अपार है।जिसका वर्णन स्वयं भगवान भी नहीं कर पाते।₹कहा कि प्रेमहीन दुर्योधन के छप्पन भोग प्रभु को प्रिय नहीं,उन्हें तो भक्त विदुर केले के छिलके ही भाते हैं।सबरी के पूर्व जन्म की कथा को बाद के जन्म की कथा से जोड़ते हुए वक्ता ने कहा कि भक्ति का प्रभाव ही है कि मुनि मन्त्रा से शिष्यत्व प्राप्त कर उस ने श्री राम का दर्शन किया।सच्चे प्रेम में स्वार्थ के लिए कोई स्थान नहीं।

बिजनौर जंगली जानवर से टकराई बाइक, पति–पत्नी घायल: लोगों ने पहुंचाया अस्पताल, हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट जसवीर सिंह
बिजनोर की तहसील के नगीना इलाके में आज एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब बाइक सवार दंपति की बाइक अचानक सड़क पर आए जंगली जानवर से टकरा गई। इस हादसे में पति–पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल सीएचसी नगीना पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

यह घटना नगीना थाना क्षेत्र के बिजनौर रोड स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र के पास की है। नगीना के पहाड़ी दरवाजा मोहल्ले के रहने वाले 35 वर्षीय रिजवान अहमद अपनी 30वर्षीय पत्नी रोशन जहां के साथ बाइक पर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कृषि अनुसंधान केंद्र के पास पहुंची, अचानक से एक जंगली जानवर सड़क पर आ गया। तेज रफ्तार में होने के कारण बाइक की जानवर से टक्कर हो गई और दोनों पति–पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। राहगीरों ने घायलों को उठाकर नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

इस हादसे के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में जंगली जानवरों का सड़क पर आना आम बात हो गई है, जिससे हादसों का खतरालगातार बना रहता है। प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग उठाई जा रही है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।